दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी

गगनयान से पहले.....

बड़ा बेटा...

वर्ष : 10 | अंक : 349 | लखनऊ, 02 दिसम्बर, सोमवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

दहेज प्रथा पर प्रहार व सामाजिक समता का प्रतीक है सामूहिक विवाह कार्यक्रम : सीएम योगी

संवाददाता / अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग की तरफ से होने वाला मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक तरफ सामाजिक समता का प्रतीक हैं तो वहीं दूसरी तरफ यह समाज की बड़ी विकृति दहेज प्रथा पर कड़ा प्रहार भी है। योगी रविवार को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (खाद कारखाना) के परिसर में 1200 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जाति, मत, मजहब, क्षेत्र, का कोई बंधन नहीं है। हिंदू, मुस्लिम या अन्य मतावलंबी, सभी अपनी-अपनी परंपरा के अनुरूप विवाह के पवित्र बंधन में जुड़ रहे हैं।

योगी ने कहा, साथ ही यह कार्यक्रम दहेज, बाल विवाह और अश्पृश्यता के खिलाफ सरकार द्वारा शुरू की गई एक लड़ाई और अभियान भी है। मुख्यमंत्री योगी ने कार्यक्रम में कहा कि कई बार दहेज के कारण योग्य कन्याएं विवाह बंधन से नहीं जुड़ पाती थीं, ऐसे में सामूहिक विवाह कार्यक्रम से जुड़ने वाले सभी युवक-युवतियों ने दहेज लेने और देने को न कर समाज में आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक सात वर्ष में तीन लाख 84 हजार शादियां करा चुकी है।

उन्होंने संभावना जताते हुए कहा कि यह सत्र संपन्न होने पर यह संख्या चार लाख से अधिक हो चुकी होगी। योगी ने कहा कि गरीब बेटियों को दहेज के भेड़ियों से बचाने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के कार्यक्रम हर जिले में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई बेटी दहेज के कारण अनव्याही न रहे, इसके लिए ही सामूहिक विवाह कार्यक्रम को अभियान रूप में चलाया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 में जब नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने अच्छे कार्यों की श्रृंखला शरू की, जिसमें महिलाओं के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नारी गरिमा की रक्षा के लिए गांव-गांव, घर-घर व्यक्तिगत शौचालय बनवाए, मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिए, मुफ्त राशन और आवास मुहैया कराना शामिल है।

प्रधानमंत्री मोदी ने नगालैंड के लोगों को राज्य के स्थापना दिवस पर बधाई दी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नगालैंड के लोगों को उनके राज्य के स्थापना दिवस पर बधाई दी और आने वाले समय में राज्य की निरंतर प्रगति की कामना की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, नगालैंड के लोगों को उनके राज्य के स्थापना दिवस पर बधाई। नगालैंड की समृद्ध संस्कृति और इसके लोगों के बेहतरीन स्वभाव के कारण राज्य की व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है। उन्होंने कहा, नगा संस्कृति कर्तव्य और करुणा की अपने भावना के लिए जानी जाती है। आने वाले समय में नगालैंड की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना करता हूं। नगालैंड का गठन 1963 में आज ही के दिन हुआ था।

केजरीवाल का दावा, अमित शाह ने करवाया उनपर हमला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, अरविंद केजरीवाल पर शनिवार रात मालवीय नगर में पद यात्रा के दौरान एक व्यक्ति ने तरल पदार्थ फेंका। इस घटना पर आम आदमी पार्टी ने राजनीति शुरू कर दी है। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने दावा किया है कि अमित शाह ने उनपर यह हमला कराया है क्योंकि उन्होंने दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाया था।

दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में पूर्व सीएम ने कहा, 'मैंने दिल्ली की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया तो अमित शाह ने कल मुझपर ही हमला करा दिया।' उन्होंने कहा कि मुझ पर तरल पदार्थ फेंका गया, यह हानिरहित था, लेकिन यह हानिकारक हो सकता था। पिछले 35 दिन में मुझ पर हुआ यह तीसरा हमला है।'

केजरीवाल ने ह्यआपह्न विधायक नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी की भी आलोचना की, जिन्होंने पहले गैंगस्टरों द्वारा जबरन वसूली के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। केजरीवाल ने कहा, 'कल हमारे एक विधायक को गिरफ्तार किया गया। उसका (नरेश बाल्यान) कसूर यह था कि वह बदमाशों का शिकार हुए। उन्हें एक से दो साल पहले बदमाशों से फिरौती और धमकियों के लिए कॉल आए थे। उन्होंने इसकी कई शिकायतें दिल्ली पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया और कल उन्हें ही गिरफ्तार कर लिया।'

पूर्व सीएम ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर यह संदेश देने का भी आरोप लगाया कि अपराधियों के बजाय शिकायतकताओं को ही गिरफ्तारी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'नरेश बाल्यान को गिरफ्तार कर अमित शाह ने दो संदेश दिए। एक अगर कोई गैंगस्टर की शिकायत करता है तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दूसरा गैंगस्टरों को भी संदेश दिया है कि अमित शाह उनकी सुरक्षा करेंगे, उन्हें कुछ नहीं होने देंगे।'

केजरीवाल ने अमित शाह को चैलेंज करते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो दिल्ली के गैंगस्टरों और गुंडों को गिरफ्तार करके दिखाइये। महिलाओं के साथ बलात्कार करने वालों को गिरफ्तार करके दिखाइये। आखिर में उन्होंने गृह मंत्री से सवाल किया कि मुझपर हमला कराकर और मेरे विधायक को गिरफ्तार करके क्या दिल्ली के लोग सुरक्षित हो जायेंगे? इसी के साथ उन्होंने दिल्ली के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए असली अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की।

मौसम

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,634.72

निफटी 25,013.85

राष्ट्रपति ने नगालैंड के लोगों को राज्य के स्थापना दिवस पर बधाई दी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को नगालैंड के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि विकास के विभिन्न मानदंडों पर राज्य द्वारा की गई प्रगति सराहनीय है। पूर्वोत्तर राज्य नगालैंड का गठन 1963 में आज ही के दिन हुआ था।

मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर लिखा, ह्यह्यराज्य स्थापना दिवस पर नगालैंड के लोगों को बधाई। वनस्पतियों और जीवों की समृद्ध विरासत से संपन्न नगालैंड वीरता की भूमि भी है। विकास के विभिन्न मापदंडों में नगालैंड की प्रगति सराहनीय है। इस खूबसूरत राज्य के लोगों को शांतिपूर्ण, समृद्ध और प्रगतिशील भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं।

वायनाड में जनसभाओं में प्रियंका गांधी ने जनता से किए कई वादें

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को वायनाड के मनंतवाडी में एक सभा को संबोधित करते हुए भाजपा की केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने जनता से कहा कि आज लड़ाई उस ताकत के खिलाफ है जो लोगों के अधिकारों को कमजोर कर उन्हें कुछ 'कारोबारी मित्रों' को सौंप रही है। उन्होंने कहा, 'आज हम अपने राष्ट्र की भावना के लिए, भारत की आत्मा के लिए लड़ रहे हैं। यह लड़ाई इस देश की शक्ति और संसाधनों पर उसके लोगों का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए है।'

प्रियंका ने 30 जुलाई को वायनाड में हुए भीषण भूस्खलन को याद किया। उन्होंने कहा कि जब भी कोई त्रासदी होती है, हम पूरे भारत में जाते हैं, लोगों से मिलते हैं। लेकिन, यहां आकर मैंने जो दर्द और पीड़ा देखी, वह शायद ही कभी देखी हो। प्रकृति का प्रकोप एक छोटे से क्षेत्र में केंद्रित हो गया था। क्षेत्र के सभी मकान बह गए, सभी परिवार विस्थापित हो गए, सभी आजीविकाएं खत्म हो गईं। लेकिन फिर भी इस तबाही के बीच, और इस दर्द व पीड़ा के बीच मैंने आप सभी की मानवता देखी।' कांग्रेस महासचिव ने जनता से कहा कि मैं चाहती हूं कि आप में से हर कोई यह जान ले कि आप मेरी जिम्मेदारी हैं। मैं आपके प्यार को पूरी गंभीरता से लेती हूं और अगले पांच वर्षों में आपके भविष्य को बेहतर बनाने के लिए लड़ाई लड़ना मेरा कर्तव्य है। बता दें, उपचुनाव जीतने के बाद प्रियंका पहली बार वायनाड पहुंची थीं।

प्रियंका ने कहा कि वह उन्हें मिले प्यार और स्नेह के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए दो दिन के लिए यहां आई हैं। उन्होंने कहा कि यहां से जाने के बाद उनका असली काम शुरू होगा। उन्होंने जनता से कहा कि हम आपकी सभी समस्याओं को हल करने के लिए मिलकर काम करेंगे। इसके अलावा प्रियंका ने लोगों से यह भी कहा कि उनका सबसे पहला काम मलयालम सीखना है।

प्रियंका ने कहा, 'कल ऐसी ही एक सभा में, लोगों के बीच से किसी ने मुझसे कहा कि आप वादा कीजिये कि आप फिर आएंगी। इसलिए मैं वादा करती हूं कि मैं इतनी बार आऊंगी कि आप मुझसे ऊब जाएंगे। इसलिए कृपया मुझे देखने की आदत डाल लीजिए।'

सुल्तान बाथरी में अपने संबोधन में कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने चार महीने पहले वायनाड में हुए भीषण भूस्खलन का राजनीतिकरण किया। कांग्रेस नेता ने कहा, 'सत्ता में मौजूद व्यक्तियों को यह समझना चाहिए कि एक बड़ी त्रासदी हुई है और इस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।'

संक्षिप्त समाचार

तेलंगाना में पुलिस से हुई मुठभेड़ में सात माओवादी ढेर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, तेलंगाना के मुलुगु जिले के एक जंगली इलाके में रविवार को पुलिस से हुई मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए। पुलिस ने बताया कि एतुरनगरम के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान तेलंगाना पुलिस के विशिष्ट नक्सल रोधी बल ग्रेहाउंड्स और माओवादियों के बीच यह मुठभेड़ हुई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ स्थल से बरामद हथियारों में दो एके 47 राइफल शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि मारे गए माओवादियों में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) की तेलंगाना राज्य समिति (येलंडु नरसामपेट) का सचिव कुरसाम मंगू उर्फ भद्रू भी शामिल है।

परिवर्तन के पथप्रदर्शक के रूप में युवा भारत की विकास गाथा का नेतृत्व करेंगे: ओम बिरला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि 21वीं सदी भारत की है और नवाचार के पथप्रदर्शक और परिवर्तन के वाहक के रूप में युवा देश की विकास गाथा का नेतृत्व करेंगे। फरीदाबाद में मानव रचना विश्वविद्यालय के 27वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि आज के युवाओं में अपार ऊर्जा, नवीन क्षमताएं और आमूलचूल परिवर्तन लाने की क्षमता है जो समय की मांग है। बिरला ने कहा कि 21वीं सदी भारत और उसके युवाओं की है, जो दुनिया भर के देशों में नवाचार क्रांति ला रहे हैं।

नाराजगी की अटकलों पर एकनाथ शिंदे ने तोड़ी चुप्पी

कहा- बीजेपी के फैसले को पूरा समर्थन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, नाराजगी की अटकलों के बीच महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि सरकार गठन को लेकर महायुति सहयोगियों के बीच कोई मतभेद नहीं है। इसी के साथ उन्होंने कहा कि राज्य के नए मुख्यमंत्री के बारे में भारतीय जनता पार्टी जो भी फैसला करेगी, उसे उनका पूरा समर्थन होगा। बता दें, ऐसी अटकलें थीं कि शिंदे नयी सरकार के गठन से खुश नहीं हैं, लेकिन उनके एक सहयोगी ने बताया कि वह बीमार हैं और रविवार शाम को मुंबई लौटेंगे।

सतारा जिले में अपने पैतृक गांव दारे में पत्रकारों से बातचीत में शिंदे ने कहा कि सरकार गठन पर बातचीत चल रही है और सभी निर्णय महायुति के तीनों सहयोगियों शिवसेना, भाजपा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) द्वारा आम सहमति से लिए जाएंगे। अपने पैतृक गांव के दौरे पर शिंदे ने कहा कि वह नियमित रूप से अपने गांव आते हैं और उनके दौरे को लेकर कोई भ्रम नहीं होना चाहिए, क्योंकि उन्होंने पिछले सप्ताह ही मुख्यमंत्री पद पर अपना रुख स्पष्ट कर दिया था।

शिंदे ने कहा, 'अभी मेरी तबीयत अच्छी है। मैं यहां पर आराम करने आया था। चुनाव में बहुत भाग दौड़ हो गई थी। मैंने एक में दिन 8-10 सभाएं की थी। मैंने 2-2.5 साल के कार्यकाल में कोई छुट्टी नहीं ली थी। सरकार जनता के आवाज वाली सरकार है। मेरा समर्थन सरकार के साथ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह जो कहेंगे उसे मेरा पूरा समर्थन है। हमारे तीनों दलों में समन्वय है।' भाजपा, शिवसेना और अजित पवार की राकांपा के महायुति गठबंधन ने विधानसभा चुनावों में भारी जीत के साथ सत्ता बरकरार रखी, जिसके परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए गए। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने शनिवार को कहा कि नयी महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पांच दिसंबर की शाम दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसमें शामिल होंगे। अभी तक इस बात की घोषणा नहीं हुई है कि मुख्यमंत्री कौन होगा, लेकिन भाजपा सूत्रों ने बताया कि दो बार मुख्यमंत्री रह चुके देवेंद्र फडणवीस इस पद की दौड़ में सबसे आगे हैं।

अगर सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो बांग्लादेश को नुकसान होगा: त्रिपुरा के मुख्यमंत्री

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शनिवार को कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार अगर सुधारात्मक कदम नहीं उठाती है तो इससे नुकसान पड़ोसी देश को ही होगा। साहा ने कहा कि पड़ोसी देश में सत्ता में बैठे लोग अतीत को भूल गए हैं और इतिहास को फिर से लिखने की कोशिश कर रहे हैं। रवींद्र भवन में शरद सम्मान समारोह को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने लोगों से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की घटनाओं के विरोध में खड़े होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में जिस तरह से चीजें हो रही हैं, वह स्वीकार्य नहीं है। त्रिपुरा के लोगों ने भारतीय सेना के साथ मिलकर 1971 के मुक्ति संग्राम के जरिए बांग्लादेश के गठन में अहम योगदान दिया था। साहा ने कहा कि बांग्लादेश में सत्ता में बैठे लोग अतीत को भूल गए हैं और इतिहास को फिर से लिखने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से पड़ोसी देश में हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने का भी आग्रह किया।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा का विपक्ष पर तंज

देश बदल चुका है, बस तुम्हारा स्टेटस नहीं बदला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

इंदौर (मध्यप्रदेश) । केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व में देश बदल चुका है लेकिन विपक्षी दलों का विपक्ष का दर्जा अब तक नहीं बदला। नड्डा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री हैं। उन्होंने विश्व एड्स दिवस पर इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान कहा, मैं आज राजनीति नहीं करना चाहता हूं लेकिन कई लोग बोलते हैं कि देश में कुछ भी नहीं बदला है। मैं उन्हें बस इतना बोलता हूं कि तुम्हारा स्टेटस (दर्जा) नहीं बदला, बाकी सब बदल गया है। तुम विपक्ष के विपक्ष में ही रहे और ऐसे रहोगे, तो आगे भी ऐसे ही रहोगे।

नड्डा ने कोविड-19 वैश्विक महामारी के खिलाफ भारत के सफल अभियान का जिक्र किया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में चिकित्सा के अलग-अलग क्षेत्रों में मजबूत बुनियादी ढांचा विकसित किया गया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, यह किसी को दिखाई दे जाए कि देश कैसे बदलता है, तो बहुत अच्छी बात है। मैं कई बार बोलता हूं कि मैं आपकी देखने की क्षमता में सुधार तो कर सकता हूं पर आपको नजरिया नहीं दे सकता। अब किसी में नजरिया ही ना हो, तो मैं क्या करूं? नड्डा ने यह भी कहा कि नजरिये के लिए बुद्धि की आवश्यकता होती है। उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर परोक्ष निशाना साधते हुए कहा, भारत में टिटनेस की दवा आने में 40 वर्ष, टीबी की दवा आने में 20 से 25 वर्ष, डिप्थीरिया की दवा आने में 20 वर्ष और जापानी इन्सेफेलाइटिस (दिमागी बुखार) की दवा आने में 100 साल लग गए थे।

बस डिपो के पास पानी से भरे गड्ढे में डूबने से एक बच्चे की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मुंबई: महाराष्ट्र के मुंबई जिले के कुर्ला ईस्ट में एमएसआरटीसी बस डिपो के बाहर पानी से भरे गड्ढे में शनिवार दोपहर गिर जाने से छह साल के एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नेहरू नगर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि बच्चे की पहचान उज्ज्वल सिंह के रूप में हुई। वह निकटवर्ती मिलन नगर झुग्गी बस्ती में रहता था। इस घटना से गुस्साए निवासियों ने महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के प्रबंधन और बस डिपो के बाहर गड्ढा खोदने वाले ठेकेदार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। अधिकारी ने बताया कि इस घटना के संबंध में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया गया है और इसकी जांच जारी है।

दिल्ली के आप विधायक नरेश यादव को 2016 के बेअदबी मामले में दो साल कारावास की सजा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पंजाब में मालेरकोटला जिले की एक अदालत ने शनिवार को वर्ष 2016 के कुरान की बेअदबी से जुड़े मामले में दिल्ली के महरौली से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक नरेश यादव को दो साल की सजा सुनाई।

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश परमिंदर सिंह ग्रेवाल की अदालत ने शुक्रवार को इस मामले में यादव को दोषी ठहराया और शनिवार को फैसला सुनाया। सजा सुनाए जाने के समय अदालत में उपस्थित यादव पर 11,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया।

अदालत ने दो अन्य लोगों (विजय कुमार और गौरव कुमार) की दो साल की सजा को बरकरार रखा। एक अन्य आरोपी नंद किशोर को अधीनस्थ अदालत द्वारा बरी कर दिया गया। यादव को भारतीय दंड संहिता की धारा 295ए (किसी भी वर्ग के धर्म या धार्मिक आस्था का अपमान करके उनकी धार्मिक भावनाओं को अपमानित करने के इरादे से जानबूझकर किया गया दुर्भावनापूर्ण कार्य), 153ए (धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना) और 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत दोषी ठहराया गया।

यादव को मार्च 2021 में अधीनस्थ अदालत ने बेअदबी मामले में बरी कर दिया था। इसके बाद शिकायतकर्ता मोहम्मद अशरफ ने उनको बरी करने के खिलाफ अपील दायर की थी। पुलिस ने शुरूआत में विजय, गौरव और किशोर पर मामला दर्ज किया था, लेकिन बाद में इस मामले में आप विधायक यादव को गिरफ्तार किया गया था।

काल सेन्टर से मदद मांगने पर युवक के खाते से निकल गए 60989 रुपए

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आलमबाग थाना क्षेत्र मे रहने वाले युवक को गलती से दूसरे खाते मे पैसे ट्रांसफर होने पर कॉल सेंटर की मदद लेना भारी पड़ गया उल्टे ही उसके खाते से 6 989 पर कर दिया ।आलमबाग कोतवाली प्रभारी कपिल गौतम ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित बड़ा-बड़ा शांति नगर निवासी संजय कुमार पुत्र सूर्यमणि दूबे के अनुसार बीते 26 नवम्बर को उसने अपने दोस्त अभीषेक प्रताप सिंह को गूगल पे के माध्यम से 20000 रुपये डाले थे जो कि मेरे दोस्त के एकाउन्ट में न जाकर दूसरे किसी व्यक्ति के खाते में चला गया ।जिसके पश्चात उसने काल सेन्टर पय फोन किया तो कालर ने जानकारी ले उसने उसका गूगल पे ओपन कराया और कहा जो आपका 20000 रुपये कटे वह गूगल पे पर डालो तो हमने 20000 डाल दिया उसके बाद 15000 वापस आ गया

एसकेडी वार्षिक खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम: प्रतिभा, एकता और उत्कृष्टता का उत्सव - डॉ. राजेश्वर सिंह

डॉ. राजेश्वर सिंह ने एसकेडी के वार्षिक कार्यक्रम की सराहना की और युवाओं को सशक्त बनाने पर जोर दिया

- भारत का भविष्य एसकेडी के छात्रों की ऊर्जा और उत्साह में निहित है: डॉ. राजेश्वर सिंह
- भविष्य उज्जवल है — और इसकी शुरूआत एसकेडी जैसी संस्थाओं से होती है – डॉ. राजेश्वर सिंह

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। रविवार को सरोजनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने एसकेडी के वार्षिक खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिरकत की। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ₹ऐसा प्रयास युवाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

डॉ. सिंह ने कार्यक्रम के दौरान एसकेडी के निदेशक श मनीष सिंह की दूरदृष्टि और नेतृत्व की सराहना की, जिनकी प्रतिबद्धता के कारण एसकेडी को 2024 में प्रतिष्ठित एन ए ए सी रैंकिंग प्राप्त हुई। डॉ. सिंह ने कहा कि यह संस्थान शिक्षा की गुणवत्ता में शीर्षस्थ है और हमारे देश के भविष्य के नेताओं को तैयार करने में अहम भूमिका निभा रहा है। इस कार्यक्रम में मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह (जल शक्ति मंत्री), मंत्री दानिश आजाद अंसारी (राज्य मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण), पूर्व कैबिनेट मंत्री और एमएलसी महेंद्र प्रताप सिंह और बीजेपी अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने युवा पीढ़ी को और अधिक उत्साहित किया और उन्हें सफलता की ओर प्रेरित किया।

डॉ. सिंह ने यह भी कहा कि हमें उन चुनौतियों को समझना चाहिए जो इन अवसरों के साथ आती हैं। जैसे-जैसे हम डिजिटल दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं, स्क्रीन समय और सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के कारण मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं सामने आ रही हैं। भारत में 1.25 करोड़ बच्चे मोटापे से जूझ रहे हैं, जो भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं। इसलिए, हमें बच्चों की भलाई को प्राथमिकता देनी चाहिए और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। इसके साथ ही, उन्होंने सतत विकास की आवश्यकता पर भी जोर दिया। हाल ही में मनाया गया 2024 का वर्ल्ड ओवरशूट डे हमें यह याद दिलाता है कि हम पृथ्वी के संसाधनों का अत्यधिक उपयोग कर रहे हैं। हमें आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराना होगा और उन्हें सतत जीवन जीने के लिए प्रेरित करना होगा।

डॉ. सिंह ने श्री एसकेडी सिंह, संस्थान के संस्थापक, का भी उल्लेख किया, जिनके योगदान से एसकेडी इतने बड़े मुकाम तक पहुंचा है। इस संस्थान के समर्पित और योग्य छात्र देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। अंत में, डॉ. राजेश्वर सिंह ने एसकेडी के समर्पित शिक्षकों और कर्मचारियों को बधाई दी, जिन्होंने इस भव्य और शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया। उनकी मेहनत और जुनून छात्रों की सफलता में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

डॉ. सिंह ने कहा कि हम भविष्य की ओर देख रहे हैं, और यह स्पष्ट है कि भारत के सबसे उज्जवल दिन हमारे सामने हैं। एसकेडी के छात्रों की ऊर्जा और उत्साह के साथ हम आश्वस्त हैं कि देश सक्षम हाथों में है। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारा युवा एक ऐसे भविष्य के लिए तैयार हो, जहां नौकरी के अवसर निरंतर बदल रहे हैं, सतत विकास आवश्यक है, और बच्चों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है।

बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार वृद्ध की मौत, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। काम पर से स्कूटी से वापस घर लौट रहे वृद्ध को विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में वृद्ध को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन, पुलिस ने वाहन कब्जे में लेकर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा किया दर्ज।

माल थाना क्षेत्र के ग्राम गुमसेना निवासी रमेश कुमार (56) शनिवार देर शाम स्कूटी से सवार होकर वापस घर लौट रहे थे तभी थाना क्षेत्र के रामनगर अमलौली पुलिया के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में वृद्ध को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद रविवार को शव घर पहुंचते ही आक्रोशित परिजनो ने गुमसेना रोड पर शव रखकर आरोपित की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन पुलिस ने जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने का आश्वासन देकर परिजनों को शांत कराया इस दौरान करीब आधे घंटे तक आवागमन सेवाएं बाधित रही। मृतक के परिवार में पत्नी अनीता सहित तीन बच्चे है। जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक विनय चतुर्वेदी ने बताया कि परिजनों द्वारा मिली तहरीर के आधार पर शाहमऊ निवासी वाहन चालक छोटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जमीन की रजिस्ट्री करने का आरोपी फर्जी किसान गिरफ्तार, भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली पुलिस ने सात माह पहले एक महिला को वीरसिंहपुर गांव मे जमीन की फर्जी रजिस्ट्री करने वाले जालसाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया 11मई को महिला हाला फरीदी निवासी वजीरगंज लखनऊ ने पुलिस से शिकायत करते हुये आरोप लगाया था मोहनलालगंज के वीरसिंहपुर गांव में स्थित एक जमीन जालसाज रोहित, मोहित व श्यामसुंदर निवासीगण ग्राम निगोहा ने फर्जी किसान खड़ा कर उसे रजिस्ट्री कर लाखो रुपए डकरा लिये थे, पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मुख्य जालसाज मोहित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, विवेचना के दौरान फर्जी किसान बनकर रजिस्ट्री करने वाले ओम प्रकाश निवासी निगोहां का नाम प्रकाश में आया था जिसके बाद से पुलिस उसे तलाश रही थी, रविवार को पुलिस टीम ने फर्जी किसान ओमप्रकाश को किसानपथ के पास से गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

"सेंस ऑफ ड्यूटी अभियान" के तहत पाक कला प्रतियोगिता सफलतापूर्वक हुई संपन्न

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। तेल विपणन कंपनियों द्वारा 5 मार्च 2024 को शुरू किए गए बुनियादी सुरक्षा जांच अभियान का उद्देश्य प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा किए गए घर-घर निरीक्षण के माध्यम से 12 करोड़ से अधिक घरों को कवर करना है। एलपीजी प्रतिष्ठानों में किसी भी सुरक्षा खतरे के लिए ग्राहकों के लिए निरीक्षण निःशुल्क हैं, और पुरानी रबर ट्यूब या गैर-मानक रबर ट्यूब को रियायती मूल्य पर बदला जा रहा है। अब तक, 8 करोड़ से अधिक घरों का निरीक्षण किया जा चुका है, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 3.5 करोड़ रबर ट्यूब बदली गई हैं।

इस अभियान के एक हिस्से के रूप में, 1 दिसंबर 2024 को कृष्णालोक कालोनी फेज -2 कानपुर रोड लखनऊ पर तेल विपणन कंपनियों द्वारा ह्लहमारी रसोई हमारी ज़िम्मेदारीह्व थीम के तहत खाना पकाने की प्रतियोगिता सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पाक

कौशल का जश्न मनाते हुए एलपीजी हैंडलिंग और खाना पकाने में सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना था।

प्रतियोगिता में उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिसमें [प्रतिभागियों की संख्या] प्रतिभागियों ने सुरक्षित एलपीजी हैंडलिंग प्रथाओं का पालन करते हुए अपनी पाक कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अमित कुमार नागर ए एस पी लखनऊ एस टी एफ , राज कुमार जी एम नर्थ सेंट्रल जॉन एच पी सी एल व शेफ यश होटल ओर्नेट के पैनल ने एलपीजी सुरक्षा, डिश की गुणवत्ता, प्रस्तुति और स्वच्छता जैसे मानदंडों पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया एवम इण्डियन आयल के अमित कुमार सिंह व भारत पेट्रोलिउम से दिग्विजय जी एच पी सी एल से वैभव कुमार सिंह ,सुनील पालीवाल कीर्ति गैस से प्रवंधक राकेश कुमार सिंह ,राजेन्द्र सिंह सहित कई क्षेत्रीय व कालोनी के सम्मानित निवासी मौजूद रहे । प्रतियोगिता के विजेता प्रथम स्थान ज्योति सिंह, दूसरा स्थान मोनिका सक्सेना व अर्चना सिंह, तीसरा स्थान दलजीत कौर का रहा । कार्यक्रम का समापन 1 बजे हुआ, जिसने प्रतिभागियों और दर्शकों पर रोजाना खाना पकाने में जिम्मेदार एलपीजी उपयोग के महत्व के बारे में एक स्थायी प्रभाव छोड़ा। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने और सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के अभियान के मिशन में योगदान देने के लिए सभी प्रतिभागियों, जजों और उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया।

तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मंगहुआ गांव निवासी गोकुल सिंह ने बताया बीते शनिवार की देर रात छोटा भाई मोहन सिंह (33वर्ष) अपनी बाइक से किसी काम से गोमतीनगर गया था, जहां से देर रात घर वापस आते समय गोमतीनगर के दयाल पैराडाइज चौराहे के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित स्विफ्ट कार यूपी78डीई3393 ने भाई मोहन की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर लगने के बाद बाइक सहित भाई कार के अगले पहिये में फंस कर काफी दूर तक घिसटता रहा कुछ दूर जाकर बाइक सहित छुटा तो महिला चालक कार को भाई पर चढाकर भाग निकला ।राहगीरो की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस गम्भीर रूप से घायल भाई को इलाज के लिये लोहिया हास्पिटल लेकर गयी ।पुलिस से सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे, जहां इलाज ना मिलने पर परिजन गम्भीर हालत में युवक को इलाज के लिये ट्रामा सेंटर लेकर गये लेकिन वहा भी इलाज में लापरवाही के साथ युवक की उखड़ती सांसो को आक्सीजन नही मिली जिसके बाद परिजन एम्बुलेंस से मेंदाता हास्पिटल लेकर पहुंचे जहां इलाज के दौरान युवक मोहन ने दम तोड़ दिया ।मृतक के परिवार में पत्नी मधु व दो बेटे है ।पीएम के बाद रविवार को मृतक युवक का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया ।मृतक के भाई की तहरीर पर गोमतीनगर पुलिस ने कार समेत अज्ञात चालक के विरूद्व मुकदमा दर्ज किया है।

जागरूकता की अलख जगाएं, एचआईवी/एड्स पर नियंत्रण पाएं : मुकेश शर्मा

समुदाय के हर वर्ग की सहभागिता से ही वर्ष 2030 तक लक्ष्य पाना संभव

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।एचआईवी/एड्स यानि ह्यूमन इम्यूनोडिफिसिएंसी वायरस / एक्वायर्ड इम्यूनो डिफिसिएंसी सिंड्रोम के संक्रमण पर नियंत्रण पाने का लक्ष्य वर्ष 2030 तय किया गया है। समुदाय के हर वर्ग की सहभगिता और जागरूकता से ही इसको मुमकिन बनाया जा सकता है। खासकर युवाओं में जागरूकता की अलख जगाना बहुत जरूरी है क्योंकि वही देश का भविष्य हैं। किशोरावस्था से ही उनको यह बताना जरूरी है कि एचआईवी/एड्स के बारे में पूर्ण और सही जानकारी ही इससे बचाव का जरिया है।

पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई-इंडिया) के एक्जेक्युटिव डायरेक्टर मुकेश कुमार शर्मा का कहना है कि एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता और उससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए ही हर साल एक दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है और विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से एचआईवी/एड्स से बचाव के जरूरी सन्देश जन-जन तक पहुंचाये जाते हैं। इसके साथ ही इस बीमारी से लड़ने के लिए वैश्विक एकजुटता प्रदर्शित की जाती है। इस साल विश्व एड्स दिवस की थीम है झ ह्लसही रास्ता अपनाएँ- मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकारह्व, जिसका उद्देश्य हर किसी को हर जगह उन संसाधनों और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच आसान बनाना है जो एचआईवी संक्रमण को रोक सकते हैं। इसके साथ ही खास तौर पर इस पर भी ध्यान दिया जाना है कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ किसी भी तरह का कोई भेदभाव न होने पाए।

श्री शर्मा का कहना है कि आज विश्व एड्स दिवस पर जन-जन तक



यह सन्देश पहुंचाना बहुत जरूरी है कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन सम्बन्ध से संक्रमण का फैलाव होता है। इसलिए कंडोम का हर बार सही इस्तेमाल करने से इससे बचाव हो सकता है। संक्रमित रक्त या रक्त उत्पाद से सबसे तेज संक्रमण होने का जोखिम रहता है क्योंकि संक्रमित गर्भवती को प्रसव पूर्व एचआईवी जांच और संस्थागत प्रसव के लिए जरूर प्रेरित करना चाहिए। शादी से पूर्व यौन सम्बन्ध बनाने से बचना चाहिए। रक्त चढ़ने से मनुष्य के खून में सीधा सम्पर्क हो जाता है। इसलिए रक्त हमेशा सरकारी या लाइसेंस शुदा ब्लड बैंक से ही लेना चाहिए और रक्त लेते समय यह जरूर सुनिश्चित करना चाहिए कि रक्त एचआईवी से मुक्त है। इसके अलावा सिरिंज के इस्तेमाल के बाद उसके अगले हिस्से में संक्रमित व्यक्ति के रक्त का कुछ अंश रह जाता है, जिसके पुनः इस्तेमाल करने से एचआईवी वायरस स्थानांरित हो जाता है। इसलिए डिस्पोजल सुई का ही इस्तेमाल किया जाए। इसी तरह सिरिंज से किए जाने वाले नशे में इस्तेमाल की जाने वाली संक्रमित सुई के साझा प्रयोग से भी वायरस फैलता है। एचआईवी संक्रमित मां से उसके होने वाले बच्चे को संक्रमण का जोखिम रहता है। असुरक्षित सुई से टैटू बनवाने से भी बचना चाहिए। एचआईवी ग्रसित की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ने से कुछ अन्य बीमारियाँ जैसे टीबी भी घेर लेती हैं। इसीलिए एचआईवी ग्रसित की टीबी जांच जरूरी है।

आज के दिन यह भी जानना जरूरी है कि एचआईवी सामाजिक एवं सामान्य मेलजोल से नहीं फैलता है। हाथ मिलाने, गले मिलने, एक साथ घर में रहने, कपड़ों के आदान-प्रदान, शौचालय या स्वीमिंग पूल के साझा इस्तेमाल से, साथ खाना खाने और मच्छर या कीड़े-मकोड़ों के काटने से एचआईवी नहीं फैलता है। एचआईवी की स्थिति का पता खून की जाँच से होता है। भारत सरकार की एचआईवी जाँच नीति के तहत कहा गया है कि जाँच स्वेच्छा से हो, जांच के पहले और बाद में परामर्श जरूर प्रदान किया जाए और जांच रिपोर्ट को हरहाल में गोपनीय रखा जाए।

वार्षिक आमसभा में किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने पर दिया गया बल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद ब्लॉक के ग्राम भदेसर मऊ में शनिवार को प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (कृषक उत्पाद संगठन) की वार्षिक आमसभा संगठन बैठक आयोजित की गई। जिसकी शुरूआत डिप्टी डायरेक्टर उद्यान विभाग, सहायक विकास अधिकारी कृषि मानवेंद्र सिंह, पूर्व सलाहकार एफपीओ पीएस ओझा, राजस्व निरीक्षक संगम लाल, चिनहट एफपीओ सीईओ गौरी शंकर ने मौके पर किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने पर बल दिया। मुख्य रूप से सहायक विकास अधिकारी कृषि मानवेंद्र सिंह ने कृषकों को एफपीओ के द्वारा प्राप्त सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए योजना से अधिक से अधिक संख्या में

जुड़कर लाभ उठाने की अपील करते हुए अन्य योजनाओं से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने पर बल दिया। बैठक में उपस्थित सदस्यों के बीच वर्ष में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत करते हुए आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई।

द लोनी अर्बन मल्टीस्टेट क्रेडिट थ्रिफ्ट कंपनी निवेशको का करोड़ों रुपए डकार कर हुयी फरार

- निगोहां में पैसे दो गुना करने का लालच देकर निवेशको का करोड़ो रुपए डकार कर द लोनी अर्बन मल्टीस्टेट क्रेडिट थ्रिफ्ट कंपनी हुयी फरार, मचा हड़कम्प

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।निगोहां क्षेत्र में संचालित द लोनी अर्बन मल्टीस्टेट क्रेडिट थ्रिफ्ट कंपनी (एलयूसीसी) हजारो ग्राहको का करोड़ो रुपए डकार कर फरार हो गयी। ब्रांच में ताला लगाकर एजेंट फरार हो गए और रातोरात लगा बोर्ड भी गायब हो गया। कंपनी के भागने की सूचना मिलते ही व्यापारियों व क्षेत्रीय लोगो में हड़कंप में मचा हुआ है।

द लोनी अर्बन मल्टीस्टेट क्रेडिट थ्रिफ्ट कंपनी (एलयूसीसी) हजारों लोगों का करोड़ों रुपए लेकर फरार हो गई, जहाँ इसकी ब्रांच लखनऊ, बाराबंकी सहित कई जिलों में अलग अलग क्षेत्रों में जिसमे निगोहां कस्बे में भी एक ब्रांच थी जिसमें निगोहां कस्बा व आसपास के रहने वाले सैकड़ो लोगों ने करोड़ो रुपए निवेश कर रखे थे ।यहां स्थित ब्रांच में ताला लगाकर रातोरात कंपनी का बोर्ड उतार कर संचालक व एजेंट फरार हो गए वहीं बैंक फरार होने की सूचना पर निगोहां व आसपास के निवेशकताओं में हड़कम्प मचा हुआ है ।जमाकताओं की माने तो कंपनी द्वारा रकम दुगुना करने का लालच देकर उनसे करोड़ो रुपए ऐंठ लिए गए। निगोहां निवासी विशाल गुप्ता ,सजीव गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, अमित गुप्ता, अनूप गुप्ता, मनोज गुप्ता ,देवेंद्र सैनी, आदर्श गुप्ता, मुकेश निवासी लालपुर, मनोज समेत आस-पास के गांवो के सैकड़ो लोगो ने पैसा दो गुना होने के लालच में एजेंटो के झांसे में करोड़ो रुपए जमा कर रखा था ।बैंक के भगाने की जानकारी मिलते ही निवेशको में हड़कम्प मच गया ।पीड़ितो ने कहा वो पूरे मामले की पुलिस के उच्चाधिकारियो समेत स्थानीय थाने पर शिकायत कर कार्यवाही की मांग करेगें।

> निवेशको को रकम दो गुना करने का लालच देकर निजी कम्पनी के द्वारा जमा करोड़ो रुपए लेकर भगाने की जानकारी मिली है, पीड़ित निवेशको के शिकायत करने पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।
> रजनीश वर्मा
> एसीपी, मोहनलालगंज

लखनऊ एयरपोर्ट पर दुबई से पहुंचे दो यात्रियों के पास लाखों रुपए की सिगरेट बरामद

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ क दुबई से एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान के जरिए लखनऊ पहुंचे 2 यात्रियों के पास लाखों रुपए की विदेशी सिगरेट पकड़ी गई। कस्टम अधिकारियों ने बरामद सिगरेट को जप्त कर यात्रियों से पूछताछ शुरू कर दी है। दुबई से रविवार सुबह करीब 11 बजे लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पहुंची एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स 194 के यात्रियों की एयरपोर्ट पर जांच की जा रही थी। तभी कस्टम अधिकारियों की नियमित जांच के दौरान दो यात्रियों पर संदेह हुआ। कस्टम अधिकारियों ने दोनों यात्रियों को रोक कर उनके बैग की गहनता से जांच पड़ताल की तो चेक इन बैग की स्कैनिंग के दौरान एक्सरे मशीन पर उनकी बैग में संदिग्ध वस्तु नजर आई। इसके बाद कस्टम अधिकारियों ने दोनों यात्रियों के बैग चेक किये तो उनके पास से करीब 3 लाख 40 हजार रुपये की विदेशी सिगरेट बरामद हुई। बताते हैं कि बरामद सिगरेट को यह यात्री विदेश से बिना सीमा शुल्क चुकाए ही चोरी छुपे लेकर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे थे। फिलहाल कस्टम अधिकारियों ने बरामद सिगरेट को जप्त करते हुए यात्रियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

मंडल स्तरीय पशु आरोग्य मेले से पशुपालक निराश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शनिवार को मलिहाबाद क्षेत्र में पशुपालन विभाग की ओर से मंडल स्तरीय पशु आरोग्य मेले का आयोजन मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेश कुमार की देखरेख में आयोजित हुआ, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा कई जिलों के पशु चिकित्सा अधिकारी औ? विषय विशेषज्ञ शामिल होने के बावजूद लक्ष्य के अनुरूप मेले में आए पशुपालकों को संवेदित नहीं कर सके।

नाम मंडल स्तरीय सहभागिता ब्लॉक स्तरीय

सूत्रों के मुताबिक भारी भरकम बजट आवंटन के लिए ब्यूरोक्रेसी के जिम्मेदारों ने मेले का नाम तो मंडल स्तरीय रख दिया परंतु परंतु मेले में मलिहाबाद के अलावा पास के माल और काकोरी ब्लाक के मुश्किल से डेढ़ सौ पशुपालक ही शामिल हो सके तो नाम मंडल स्तरीय मेला रखने का क्या औचित्य बनता है यही चर्चा पशुपालकों के बीच होती रही।

नही पहुंचे विभागीय मंत्री और मंडलायुक्त

मेले में विभागीय मंत्री धर्मपाल सिंह विशिष्ट अतिथि मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब और विशेष सचिव पशुधन विकास, देवेंद्र कुमार पांडेय के न पहुंचने से तमाम पशु पालक मायूस देखे गए। तब स्थानीय विधायक जय देवी कौशल ने मेले का शुभारंभ कर पशुपालकों की नाराजगी दूर करने का प्रयास किया। कार्यक्रम समापन के पश्चात जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति में हजारों पशुओं के उपचार का दावा किया गया लेकिन यह आंकड़ा मुश्किल से तीन डिजिट पार कर सका।

मंडल छोड़िए ब्लॉक के पशुपालक रहे बेखबर

जिम्मेदारों के दावे पर यकीन करें तो मेला आयोजन के चार दिन पहले से गाड़ियों से व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा था इसके बावजूद मलिहाबाद माल काकोरी के सैकड़ो गांव के पशुपालक मेला लगने की जानकारी से अनभिज्ञ रहे, जिससे बड़ी तादाद में जरूरतमंद पशुपालक मेले में भागीदारी नहीं कर सके।

संक्षेप

चोरों के हौसले बुलंद पुलिस के हाथ खाली, ग्रामीणों में दहशत

सुमेरपुर, उन्नाव। लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ने से लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है कहीं राहजनी कहीं भैंस चोरी पुलिस नहीं कर पा रही चोरी का खुलासा जिससे चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे जिन्हें पुलिस का खौफ नहीं है बिहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा मनिकापुर के मजरा मानपुर निवासी राम शंकर पासवान के दरवाजे बधी दो भैंस बीतीरात चोर चुरा ले गए जिससे परिवार जनों का रो रो का बुरा हाल है विकलांग राम शंकर ने बताया कि मार्च माह में बिटिया की शादी के लिए भैंस रख रखी थी जिसके चोरी हो जाने से पीड़ित की बेटी का भी रो रो का बुरा हाल है उनका कहना है अब कैसे होगी शादी वहीं दूसरी घटना ग्राम सभा सुल्तानपुर के मजरा चकभगन खेड़ा मैं ननकू यादव के दरवाजे बंदी दो भैंस चोर बीती रात चुरा ले गये अभी कुछ दिन पूर्व दिन में युवा दंपति के साथ राहजनी हुई है जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया हैं क्षेत्र में भैंस चोरी तो आम बात है आए दिन लगातार भैंस चोरी होती रहती है जहां रात में हर चौराहे व तिराहे पर डायल पुलिस 112 मौजूद रहती है चोर भैंसों को कैसे लोडर से ले जाते जिसमें क्षेत्र में पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास उठता जा रहा हैं

ईरिक्शा चालक ने साथियों के साथ मिलकर बाइक सवार युवक से की मारपीट

हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र के मौलवी खेड़ा निवासी विनोद पुत्र जागेश्वर ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शनिवार देर शाम लखनऊ से बाइक से वापस आ रहा था तभी न्योतनी चौराहे पर ईरिक्शा चालक मुन्ना पुत्र महमूद ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसका विरोध करने पर मुन्ना व आसुर अपने दो अन्य साथी अरमान,मुन्ना ने गाली गलौज करते हुए लात घुसों से मारने लगे। किसी तरह भाग कर जांच बचाई। मारपीट के दौरान जेब में रखी नकदी और मोबाइल छीन लिया। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।कोतवाली प्रभारी चंद्र कांत मिश्र ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

बच्चो के विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को जमकर पीटा

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर थाना क्षेत्र के गाँव बाबूखेड़ा में बच्चो का विवाद इतना बढ़ गया कि बच्चो के परिजनों के एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को जमकर लाठी डंडों से पीट दिया। मामला पुलिस की चौखट पर पहुँचने पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।थाना क्षेत्र के बाबूखेडा निवासिनी जनक दुलारी पत्नी पवन कुमार ने तहरीर देते हुए बताया कि बच्चो के खेल-कूद को लेकर बच्चो मे आपस मे विवाद हो गया था।तभी गाँव के ही गुड्डू उर्फ अजय पुत्र पंजाबी उर्फ नन्हकू व पूनम देवी पत्नी गुड्डु उर्फ अजय और पंजाबी उर्फ नन्हकू पुत्र स्वर्गीय शंकर पासी मेरे दरवाजे पर आकर गाली गलौज करते हुए लाठी-डण्डो से मुझे मारने पीटने लगे।इतने मेरा लड़का दीपक मुझे बचाने आया तो उसे भी मारने-पीटने लगे जिससे मुझे व मेरे लडके को चोटे आई हैं।तथा वो लोग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

विभिन्न ट्रेनों के ठहराव के लिए जनपद के सांसद ने रेल मंत्री से की मुलाकात

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सांसद साक्षी महाराज ने भारत सरकार में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। लोकसभा क्षेत्र उन्नाव के लिए विभिन्न ट्रेनों के परिचालन, ठहराव और अन्य जनहित से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की। इस दौरान उन्होंने उन्नाव और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों की सुविधा के लिए कई प्रस्ताव रखे। जिन पर रेल मंत्री ने सहमति जताई और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

जम्मूतवी एक्सप्रेस का बांगरमऊ स्टेशन पर ठहराव

साक्षी महाराज ने जम्मूतवी एक्सप्रेस के बारे में बात की, जो उन्नाव के बांगरमऊ स्टेशन से होकर गुजरती है। उन्होंने इस ट्रेन का बांगरमऊ रेलवे स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित करने की मांग की। जिससे यात्रियों को बेहतर सेवा मिल सके। उन्नाव के लोगों को जम्मूतवी एक्सप्रेस से यात्रा करने में सुविधा हो।प्रयागराज संगम इंटरसिटी एक्सप्रेस का तकिया पाटन स्टेशन पर ठहराव साक्षी महाराज ने प्रयागराज संगम इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर भी चर्चा की। यह ट्रेन कानपुर से प्रयागराज तक चलती है। सांसद ने इस ट्रेन का ठहराव उन्नाव के तकिया पाटन स्टेशन पर कराने की अपील की। ताकि क्षेत्र के लोगों को यात्रा में सुविधा हो।-जैतीपुर-हरौनी स्टेशन के बीच अंडरपास का निर्माण उन्नाव सांसद ने लखनऊ कानपुर रेलवे लाइन पर स्थित जैतीपुर और हरौनी स्टेशन के बीच गेट संख्या 16 पर पूर्व में बने फाटक के खत्म होने की समस्या को उठाया। उन्होंने बताया कि इस बदलाव के कारण किसानों और आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है। उन्होंने इस स्थान पर अंडरपास बनवाने की मांग की। ताकि लोगों की यात्रा सुगम हो सके और दुर्घटनाओं का खतरा भी कम हो।श्रम शक्ति एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन साक्षी महाराज ने श्रम शक्ति एक्सप्रेस के बारे में भी बात की। जो वर्तमान में कानपुर से नई दिल्ली तक संचालित होती है। सांसद ने इस ट्रेन के मार्ग में बदलाव का आग्रह किया। कहा कि इसे कानपुर से ऊंचाहार होते हुए उन्नाव तक चलाया जाए। ताकि उन्नाव और आसपास के व्यापारियों और आम जनमानस को बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके। शुक्लागंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलने का प्रस्ताव साक्षी महाराज ने शुक्लागंज रेलवे स्टेशन के नाम बदलने का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने इस स्टेशन का नाम उन्नाव के पावन धरा पर जन्मे अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के नाम पर रखने की मांग की। इससे न केवल क्षेत्रीय लोगों को गर्व होगा, बल्कि शहीद चंद्रशेखर आजाद की वीरता को भी सम्मान मिलेगा।-जबलपुर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का ठहराव और एसी कोच की मांग साक्षी महाराज ने जबलपुर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का भी जिक्र किया, जो हरिद्वार के लिए साप्ताहिक चलती है। इस ट्रेन में फर्स्ट एसी कोच नहीं है, जबकि उन्नाव और आसपास के क्षेत्रों से हरिद्वार जाने वालेश्रद्धालुओं और व्यापारियों की संख्या अधिक है। उन्होंने इस ट्रेन के बंगरमऊ स्टेशन पर ठहराव और फर्स्ट एसी कोच जोड़ने की मांग की।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सभी प्रस्तावों पर सहमति जताई। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन सभी विषयों पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने सांसद साक्षी महाराज के प्रयासों की सराहना की और उन्नाव क्षेत्र के विकास के लिए उनका समर्थन किया। इस महत्वपूर्ण मुलाकात के बाद उन्नाव के निवासियों को उम्मीद है कि इन परिवर्तनों से उनकी यात्रा की गुणवत्ता बेहतर होगी और उन्हें अधिक सुविधाएं प्राप्त होंगी।

तीन सूत्रीय मांगों को लेकर भाकियू के कार्यकर्ता बैठे धरने पर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन (अराजी) टिकैत के प्रदेश महासचिव किरन सिंह चौहान के नेतृत्व में भाकियू कार्यकर्ता महिला जिला अस्पताल पहुंचे। अपनी तीन सूत्री मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए।महासचिव किरन सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि उन्होंने सितंबर माह में मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा था। जिसमें महिला अस्पताल के सीएमएस, एक महिला डॉक्टर और एक आया के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई थी। लेकिन दो महीने का समय बीतने के बावजूद विभागीय अधिकारियों ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की।महासचिव ने बताया कि ज्ञापन देने के बाद सीएमओ ने अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य को पत्र भेजा था। जिसमें मंडल स्तर के अधिकारी से जांच कराने की अपेक्षा की गई थी।हालांकि, अब तक इस पत्र पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।किरन सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि महिला जिला अस्पताल में प्रसव से लेकर ऑपरेशन तक वसूली की जा रही है। जो गरीब जनता के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में भ्रष्टाचार के कारण मरीजों को सही इलाज मिलना मुश्किल हो गया है। गरीब तबका आर्थिक रूप से परेशान है।उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक अस्पताल में कार्यरत महिला चिकित्सक, सीएमएस और आया के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी। तब तक भाकियू कार्यकर्ता धरना जारी रखेंगे। महासचिव ने यह भी कहा कि अगर विभागीय अधिकारी इस मामले को गंभीरता से नहीं लेते हैं। तो भविष्य में संघर्ष को और तेज किया जाएगा।धरने में शामिल होने वालों में भाकियू के जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद, ममता और अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यकताओं ने अस्पताल परिसर में नारेबाजी करते हुए अपनी आवाज बुलंद की। विभागीय अधिकारियों से जल्द कार्रवाई की मांग की।महिला जिला अस्पताल में चल रही कथित वसूली और भ्रष्टाचार के खिलाफ भाकियू कार्यकताओं का यह विरोध प्रदर्शन उस समय हुआ। जब जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की आवश्यकता महसूस की जा रही है।इस धरने से यह स्पष्ट हो गया कि अस्पताल में समस्याओं का समाधान न होने पर संगठन द्वारा विरोध की आवाज उठाई जाएगी। अब देखना यह है कि विभागीय अधिकारी इस मामले में कब कार्रवाई करते हैं। क्या अस्पताल में सुधार की दिशा में कोई ठोस कदम उठाए जाते हैं।

दहेज उत्पीड़न के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। दहेज उत्पीड़न के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने हरौनी शमसुद्दीनपुर गांव के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय ने पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। औरास थाना क्षेत्र के करौंदी गांव निवासी रामदेवी पत्नी सुंदर की बेटी शांति 27 वर्ष की शादी चार वर्ष पूर्व हसनगंज क्षेत्र के पिछवाड़ा गांव निवासी प्रकाश रावत के साथ हुई थी, महिला का शव 29 नवंबर को कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला था,मृतका की मां की तहरीर पर पुलिस ने पति पर दहेज उत्पीड़न सहित हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी ,जिसपर पुलिस ने आरोपी को हरौनी शमसुद्दीनपुर गांव के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि मृतका की मां की तहरीर पर पति प्रकाश रावत पर दहेज उत्पीड़न सहित हत्या की रिपोर्ट दर्ज हुई थी आरोपी को पकड़ कर न्यायालय में पेश किया गया जहा से उसे जेल भेज दिया गया।

रूई की दुकान में लगी आग आस पास की दुकानें आई चपेट में , हजारों का सामान हुआ राख

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में रुई की दुकान में आग लग गयी। जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आस-पास की कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे भारी नुकसान हुआ। आग का मुख्य कारण रजाई, गद्दे और उसमें भरी जाने वाली रुई के बंडल में आग लगना बताया जा रहा है।रविवार दोपहर लगभग बारह बजे धोबिन पुलिया के पास रुई के बंडल में आग लगी, तो उसकी लपटें तेजी से फैल गईं। जिससे पास की दुकानों तक पहुंच गईं। स्थानीय लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग की तीव्रता और लपटों को देखकर उनकी हिम्मत जवाब दे गई। कुछही मिनटों में आग ने आसपास की दुकानों को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया। आसपास के लोग घबराए हुए थे। आग बुझाने का कोई ठोस उपाय नहीं कर पा रहे थे।इस दौरान आग की सूचना स्थानीय दमकल विभाग को दी गई। दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयासों में जुट गए। स्थानीय पुलिस और गंगाघाट कोतवाली के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने में मदद की। पुलिस ने वहां के व्यापारियों और दुकानदारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के साथ-साथ इलाके में भीड़ को नियंत्रित किया।दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कई दुकानों को भारी नुकसान हो चुका था। आग के कारण दुकानों में रखा सामान जलकर राख हो गया। व्यवसायियों को वित्तीय नुकसान का सामना करना पड़ा। अधिकारियों ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि रुई के बंडल में कैसे आग लगी।

अज्ञात मिले युवक के शव की परिजनो ने की शिनाख्त

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंधुपुर गांव के पास बीते दिन शुक्रवार को युवक का रक्तरंजित शव मिलने से हड़कंप मच गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों से शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इस पर शव मॉचुर्री में रखवा दिया। रविवार को मोर्चरी हाउस पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की। भाई में एक महिला मित्र के मामा पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस कुछ संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।जानकारी के अनुसार, सदर कोतवाली की दोस्तीनगर चौकी क्षेत्र के सिंधुपुर गांव में बीते शुक्रवार सुबह करीब 25 वर्षीय युवक का लहूलुहान शव पड़ा देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया था। घटना की जानकारी पर कोतवाली प्रमोद कुमार मिश्र, चौकी प्रभारी इंद्रदेव उपाध्याय समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा।छानबीन के बाद शिनाख्त न होने से पुलिस ने शव मॉचुर्री में रखवा दिया था। पुलिस शव की शिनाख्त कराने के लिए प्रयास कर रही थी इसी दौरान रविवार को गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी गांव के रहने वाले विश्वराम राजपूत का बेटा अमित मोर्चरी हाउस पहुंचा और उसने शव की शिनाख्त भाई सुमित के रूप में की।भाई ने बताया कि गुरुवार की शाम व घर से जरूरी काम करने की बात को कहकर निकला था, शादी बारात में वीडियोग्राफी समेत मजदूरी भी कर लेता था। सुबह जब वापस नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन शुरू की। मोबाइल फोन 3 दिन से बंद जा रहा था।रविवार को जब थाना कोतवाली में गुमशुदगी की तहरीर लिखाने गया तब उसे अज्ञात शव की जानकारी मिली। भाई ने एक महिला मित्र के मां पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है पुलिस ने संदिग्ध के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

कृषि निदेशक प्रसार ने कृषि विकास कार्यों का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नवाबगंज में अपर कृषि निदेशक प्रसार उत्तर प्रदेश कृषि भवन, राजेन्द्र कुमार सिंह ने जनपद के कृषि विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय कृषि बीज भण्डार नवाबगंज का निरीक्षण किया।वहां पीओएस मशीन के माध्यम से किसानों को बीज वितरण की प्रक्रिया का जायजा लिया। इस अवसर पर महेश पुत्र श्यामलाल एतवारपुर और कौशल सिंह पुत्र अमरनाथ सिंह खनहान को 2 किलोग्राम बीज वितरित किया गया।बीज वितरण के दौरान राजेन्द्र कुमार सिंह ने बीज वितरण के सभी दस्तावेजों का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शन पंजिका और मिनीकिट बीज वितरण पंजिका का निरीक्षण भी किया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके इस निरीक्षण से यह स्पष्ट हुआ कि बीज वितरण कार्य में पारदर्शिता और सही तरीके से कार्य किया जा रहा है।निरीक्षण के बाद अपर कृषि निदेशक ने 'सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन' योजना के तहत संचालित फार्म स्कूल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उमाशंकर पुत्र हनुमान, ग्राम अमरेथा के फार्मस्कूल का निरीक्षण किया। जहां 1.0 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की डब्लू 1270 सी/एस प्रजाति की फसल की खेती की जा रही थी। इस दौरान लाभार्थी कृषक से फार्मस्कूल में किए गए कृषि निवेशों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कृषक से यह भी जाना कि इस योजना से उन्हें कृषि उत्पादकता बढ़ाने में कितनी मदद मिली है।इसके बाद आत्मा योजना के तहत कृषक अतुल प्रताप सिंह पुत्र भूपेन्द्र सिंह, ग्राम परसन्दन नवाबगंज का निरीक्षण किया। उन्होंने इस योजना के अंतर्गत प्राप्त होने वाली सुविधाओं और लाभों के बारे में जानकारी ली। आत्मा योजना के अंतर्गत किसानों को कृषि उपकरण, बीज, उर्वरक और अन्य आवश्यक संसाधन मुहैया कराए जाते हैं। जो उनकी कृषि उत्पादकता में सुधार लाने में सहायक होते हैं।इसके अलावा राजेन्द्र कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत गोष्ठी/किसान पाठशाला के अंतर्गत आयोजित होने वाले दो दिवसीय ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी भाग लिया। यह कार्यक्रम कार्यालय उप कृषि निदेशक के सभागार में आयोजित किया गया। ट्रेनर्स से वार्ता करते हुए, उन्होंने आगामी किसान पाठशालाओं के विषय पर चर्चा की। अधिकारियों से विभागीय योजनाओं और किसान पाठशाला के संचालन के संबंध में विचार-विमर्श किया।इस मौके पर शशांक, उप कृषि निदेशक, विकास शुक्ला, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, रमेश मौर्या, कृषि वैज्ञानिक धौरा, रचना सहाय, कृषि वैज्ञानिक और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

पति-पत्नी के 20 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन वामा सारथी की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 07 व परिवार परामर्श केन्द्र से 04, थाना सोहरामऊ से 03, थाना बांगरमऊ से 02, थाना बारासगवर, थाना बेहाट मुजावर, थाना फतेहपुर चौरासी तथा महिला पुलिस चौकी बीघापुर से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डा0 राजेन्द्र सिंह सेंगर संजय चौरसिया, डॉ0 एस के पाण्डेय, डॉ0 शशी रंजना अग्निहोत्री, डॉ0 अवसार अली, डॉ0 सगीर अहमद एवं सहयोगी अंकित सिंह स्वास्तिक मिश्रा व पुलिस टीम से प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी, महिला थानाध्यक्ष अर्चना,महिला उप निरीक्षक भागीरथी,महिला उप निरीक्षक विजेता चौधरी, सेविका, पूनम याजव, पारुल, लक्ष्मी, आरती गौतम, शकुंतला का विशेष योगदान रहा।

क्षेत्राधिकारी ने किया बेहटा मुझावर थाने का औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। पुलिस क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार चौरसिया ने कल बेहटा मुजावर थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस उपाधीक्षक अरविंद चौरसिया ने शनिवार की शाम अचानक बेहटा मुजावर थाने आ धमके। उन्हें देखते ही पुलिस कर्मियों में अफरातफरी मच गई। उन्होंने माल खाना सहित महिला हेल्प डेस्क और नवनिर्मित थाना भवन का निरीक्षण किया। सीओ चौरसिया ने थाना प्रभारी फूल सिंह को भवन में साफ सफाई रखने के शख्त निर्देश दिए।इसके अलावा उन्होंने निरीक्षण के दौरान शस्त्रों की कार्यशीलता की भी जांच की। सीओ ने शौचालय में गंदगी देख गहरी नाराजगी जताई और उसकी तुरंत सफाई कराने का निर्देश दिया। करीब दो घंटे तक थाने की जांच कर सीओ के वहां से रवाना हो जाने के बाद पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली।

मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर फर्जी निस्तारण, लोक निर्माण विभाग के निस्तारण पर सवाल

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण में फजीर्वाड़ा सामने आया है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अवर अभियंता पर बिना कार्य कराए फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायत निस्तारित दिखाने का आरोप है। सामाजिक कार्यकर्ता नागेंद्र सिंह ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी से कर कार्रवाई की मांग की है।

सामाजिक कार्यकर्ता नागेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर सफीपुर क्षेत्र के महदीखेड़ा-गहौली संपर्क मार्ग की जर्जर हालत को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने शिकायत में कहा था कि मार्ग की मरम्मत के साथ-साथ दोनों ओर की झाड़ियां काटी जाएं और पटरी भराई का कार्य भी कराया जाए। इस मार्ग की खराब स्थिति के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शिकायत के बाद लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता प्रदीप चक्र को मरम्मत कार्य कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। लेकिन कुछ दिनों बाद विभाग ने पोर्टल पर फर्जी रिपोर्ट लगाते हुए लिखा कि मार्ग की मरम्मत करा दी गई है। नागेंद्र सिंह ने जब मौके पर जाकर निरीक्षण किया तो पाया कि न तो झाड़ियां काटी गई हैं, न पटरी भराई का कार्य हुआ है और न ही मार्ग की मरम्मत की गई है।

महदीखेड़ा और गहौली गांव के ग्रामीणों ने विभाग के रवैये पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि मार्ग की जर्जर स्थिति के चलते बारिश में कीचड़ भर जाता है, जिससे आवागमन मुश्किल हो जाता है। झाड़ियां बढ़ी होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी होती है, और हादसे का डर भी बना रहता है। ग्रामीणों ने विभाग पर लापरवाही और फर्जी निस्तारण का आरोप लगाते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

सामाजिक कार्यकर्ता नागेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी को पूरी घटना की जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शिकायत की सत्यता की पुष्टि कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सामाजिक कार्यकर्ता नागेंद्र सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे उच्च अधिकारियों से संपर्क करेंगे और जरूरत पड़ने पर आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल जैसी व्यवस्था में फजीर्वाड़ा जनता के विश्वास को कमजोर करता है, इसे रोकना बेहद जरूरी है।

दहेज उत्पीड़न के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। दहेज उत्पीड़न के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने हरौनी शमसुद्दीनपुर गांव के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय ने पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। औरास थाना क्षेत्र के करौंदी गांव निवासी रामदेवी पत्नी सुंदर की बेटी शांति 27 वर्ष की शादी चार वर्ष पूर्व हसनगंज क्षेत्र के पिछवाड़ा गांव निवासी प्रकाश रावत के साथ हुई थी, महिला का शव 29 नवंबर को कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला था,मृतका की मां की तहरीर पर पुलिस ने पति पर दहेज उत्पीड़न सहित हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी ,जिसपर पुलिस ने आरोपी को हरौनी शमसुद्दीनपुर गांव के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि मृतका की मां की तहरीर पर पति प्रकाश रावत पर दहेज उत्पीड़न सहित हत्या की रिपोर्ट दर्ज हुई थी आरोपी को पकड़ कर न्यायालय में पेश किया गया जहा से उसे जेल भेज दिया गया।

बोलोरो कार व लोडर में हुई भिंडत कार सवार युवकों ने लोडर चालक को पीटा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। रायबरेली-उन्नाव मार्ग पर स्थित तकिया पाटन चौराहे के पास तेज रफ्तार बोलेरो कार लोडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो कई बार पलट गई, जिससे उसमें सवार युवक घायल हो गए।इस दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई और कार सवार युवकों ने गुस्से में आकर लोडर चालक को पीटना शुरू कर दिया।घटना के अनुसार बोलेरो कार बहुत तेज रफ्तार से आ रही थी और जैसे ही वह तकिया पाटन चौराहे के पास पहुंची, अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह लोडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो कार कई बार पलटते हुए सड़क के किनारे जा गिरी। कार में सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसा होते ही आसपास के लोग और वाहन चालक मौके पर पहुंचे और घायल युवकों को बाहर निकाला।घायल युवकों ने लोडर चालक को घटना के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उसे पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान मौके पर भीड़ इकट्ठी हो गई और लोडर चालक के साथ मारपीट की गई। हालांकि, इस दौरान लोडर चालक ने अपनी सफाई देने की कोशिश की, लेकिन गुस्से में आए कार सवार युवक उसे नहीं सुन रहे थे। पुलिस को सूचना मिलने पर तुरंत ही घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों से बयान लिए और मामले की जांच शुरू कर दी है।इस घटना का एक वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि कैसे तेज रफ्तार बोलेरो अचानक लोडर से टकराती है और उसके बाद कार सवार युवक लोडर चालक से मारपीट करते हैं। पुलिस अब इस फुटेज की जांच कर रही है और दोनों पक्षों से पूछताछ के आधार पर कार्रवाई की बात कही है।स्थानीय निवासियों और पुलिस प्रशासन ने अपील की है कि सड़क पर गाड़ी चलाते समय गति सीमा का पालन किया जाए, ताकि इस तरह के हादसों से बचा जा सके और लोगों की जान की रक्षा की जा सके।

श्रीमद भागवत कथा में रुक्मणि विवाह का किया गया वर्णन

सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र स्थित धानीखेड़ा बाजार निकट सम्पन्न हो रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा दौरान छठवें दिन रविवार को भागवताचार्य शरदेन्दु महाराज 'मथुरा वृंदावन' ने सुधी श्रोताओं को रासलीला से लेकर रुक्मिणी विवाह तक की कथा का रसपान कराया।व्यास जी ने बताया कि जीव और ब्रम्ह का मिलन ही रास है। गोपियों के साथ रास करके भगवान ने उनकी मनोकामनाएं पूर्ण किया। जो प्रत्येक इंद्री से निरन्तर भगवान श्रीकृष्ण के भक्ति रस का रसपान करे वही गोपी है। इसी लीला के माध्यम से भगवान ने कामदेव को पराजित कर योग योगेश्वर कहलाये। आतंक का पर्याय बने राजा कंस का उद्धार कर भगवान कृष्ण ने धैर्य की स्थापना किया। इसके बाद रुक्मिणी मंगल उत्सव धूमधाम से मनाया गया।भागवताचार्य ने कहा कि लक्ष्मी के प्रति दो भाव रखना चाहिए एक 'मां' और एक 'पुत्री' का। कहने का आशय यह कि लक्ष्मी का सदा आदर करना चाहिए। जब घर मे लक्ष्मी बढ़ने लगे तो उसे नारायण के प्रति समर्पित कर देना चाहिए अन्यथा लक्ष्मी भाग भी जाती है। छठवें दिन कथा में शिवमूर्ति सिंह, रामे महाराज, संदीप सिंह, संजय द्विवेदी, सोनू सिंह, अतुल मिश्रा, राज रतन त्रिपाठी, मुकेश, राज बाजपेयी, सन्तोष, मुकेश, ज्ञानेन्द्र, आदि रहे।

सम्पादकीय

हंगामा, गतिरोध ही न बनें संसद की पहचान

पहले की तरह इस बार भी संसद हंगामे का अखाड़ा बनी हुई है। 25 नवंबर से संसद का शीत सत्र शुरू हुआ है, तब से रोज विपक्ष का हंगामा ही चल रहा है। यह सत्र 20 दिसंबर तक प्रस्तावित है, इस दौरान केंद्र सरकार की ओर से वक्फ (संशोधन) विधेयक सहित 16 विधेयकों को पास कराने की तैयारी थी, लेकिन अभी वक्फ विधेयक के मसौदे को लेकर बनी जेपीसी की बैठकों में विपक्षी सदस्यों का जो बहिष्कार का रवैया रहा, उसके चलते सरकार ने जीपीसी की अवधि बजट सत्र तक के लिए बढ़ा दी है। विपक्षी सदस्यों की ओर से वक्फ पर जेपीसी की बैठकों में किसी नतीजे पर नहीं पहुंचने की स्थिति के चलते सरकार को आभास हो गया कि मसौदे पर इस सत्र तक कोई आम राय बननी मुश्किल है, जबकि सरकार की मंशा इस विधेयक को संसद में पेश करने की है, इसलिए जेपीसी की अवधि वर्ष 2025 में होने वाले बजट सत्र तक बढ़ाना उचित समझा। विपक्ष अदाणी समूह से जुड़े आरोपों, संभल हिंसा, मणिपुर हिंसा की स्थिति आदि मुद्दों पर चर्चा व सरकार से जवाब की मांग कर रहा है। वक्फ बिल पर भी विपक्ष की राय सरकार से अलग है। विपक्ष वक्फ बिल के बहाने तुष्टिकरण व वोट बैंक की राजनीति को साधने में लगा हुआ है। चूंकि अदाणी समूह का मामला विदेशी गतिविधियों से जुड़ा है, इसमें भारत सरकार का कुछ भी लेना-देना नहीं है, ऐसे में इस पर संसद में हंगामा व सरकार से जवाब की मांग समझ से परे है। पीछे हिंडनबर्ग मामले में भी अदाणी समूह का कुछ नहीं हुआ,इसलिए विदेशी धरती से उठ रहे आरोपों की जांच होने तक इंतजार करना चाहिए, केवल आरोप को सच मानकर अपनी प्रतिक्रिया देना व संसद में चर्चा की मांग करना विपक्ष के नेता राहुल गांधी की समझदारी भरी राजनीति नहीं कही जा सकती है। लोकसभा व राज्यसभा का नहीं चलना सरकारी धन का अपव्यय ही है। प्रधानमंत्री ने सत्र शुरू होने से पहले ही सभी सांसदों को उनकी जनता के प्रति जिम्मेदारी का आभास कराया, सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के साथ समन्वय व संवाद स्थापित किया गया। इसके बाद भी विपक्ष के हंगामे व नारेबाजी के कारण संसद नहीं चल पा रही है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा और नारेबाजी कर रहे विपक्ष के सदस्यों से कहा है कि जिन मुद्दों का देश से कोई संबंध नहीं है, आप उन्हें यहां उठा रहे हैं, चर्चा के लिए नियम प्रक्रियाओं का पालन जरूरी है। साफ है कि विपक्ष जानबूझकर व्यवधान डाल रहा है। दरअसल, संसदीय अवरोध किसी मांग या समस्या का कोई समाधान नहीं है, बल्कि यह भारत की संसदीय राजनीति में एक व्याधि की तरह बनता जा रहा है। विपक्ष में रहते हुए सभी प्रमुख दलों ने इसे संसद ठप करने के हथियार की तरह अपनाया है, यह गलत ट्रेंड बन गया है, इससे संसद की प्रासंगिकता कम होती जाएगी, सभी दलों को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। कम से कम संसद चलनी चाहिए। इतने बड़े लोकतंत्र के हिसाब से सत्र की अवधि कम होती है, वह भी अगर हंगामे की भेंट चढ़ जाय तो ठीक नहीं है, ब्रिटिश संसद लंबे समय तक चलती है, दूसरे मुल्क की संसद भी अधिक चलती है। सरकार को भी लचीला रुख अपनाना चाहिए और विपक्ष की मांगों को जिद के चलते अनदेखा नहीं करना चाहिए। लगातार हंगामा, अवरोध और नारेबाजी से भारतीय संसद की गरिमा ही गिरती है, इसकी साख बनाए रखना सभी सांसदों की जिम्मेदारी है। सांसदों को नियम के दायरे में ही अपने मुद्दे उठाने चाहिए। हंगामा, नारेबाजी व गतिरोध ही भारतीय संसद की पहचान न बन जाए।

भारत की बढ़ती आर्थिक अहमियत

अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

> इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी भारत के वैश्विक व्यापार और निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर विदेश दौरों में द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की रणनीति लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। खासतौर से पिछले छह महीनों में इस रणनीति से द्विपक्षीय व्यापार के अच्छे अध्याय दिखाई दिए हैं। गत 13 से 15 जून को इटली में विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष आमंत्रित देश के रूप में भारत की अहमियत दिखाई दी है। इस मौके पर सम्मेलन में शामिल प्रमुख देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ भारत की द्विपक्षीय वार्ताएं लाभप्रद रही हैं। नि :संदेह दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा और भारत का रणनीतिक महत्व लगातार बढ़ रहा है।

यकीनन दुनिया में भारत की आर्थिक अहमियत बढ़ने के एक के बाद एक नए परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16 से 21 नवंबर तक ब्राजील, नाइजीरिया और गुयाना के पांच दिवसीय दौरे के दौरान जहां जी-20 शिखर सम्मेलन में भुखमरी और गरीबी के खिलाफ एकजुटता विषय पर प्रभावी संबोधन दिया, वहीं नाइजीरिया और गुयाना पहुंचकर इन देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की सार्थक वार्ताएं की। यह भी महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, ब्राजील, सिंगापुर, इंडोनेशिया, पुर्तगाल, नॉर्वे और स्पेन समेत कई देशों के नेताओं के साथ की गई 31 द्विपक्षीय और अनौपचारिक वार्ताओं में भारत का रणनीतिक महत्व उभरकर दिखाई दिया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी भारत के वैश्विक व्यापार और निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर विदेश दौरों में द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की रणनीति लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। खासतौर से पिछले छह महीनों में इस रणनीति से द्विपक्षीय व्यापार के अच्छे अध्याय दिखाई दिए हैं। गत 13 से 15 जून को इटली में विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष आमंत्रित देश के रूप में भारत की अहमियत दिखाई दी है। इस मौके पर सम्मेलन में शामिल प्रमुख देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ भारत की द्विपक्षीय वार्ताएं लाभप्रद रही हैं।

भारत के लिए सबसे ठोस लाभ जी7 की उस प्रतिबद्धता से उपजा, जिसमें कहा गया कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को बढ़ावा दिया जाएगा। इस गलियारे के निर्माण की घोषणा गत वर्ष 2023 में भारत में जी 20 शिखर बैठक के समय की गई थी। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि गत 9 जुलाई को 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में मास्को में भारत और रूस के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा के बाद भारत और रूस ने द्विपक्षीय कारोबार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने, व्यापार में संतुलन लाने, गैर-शुल्क व्यापार बाधाओं को दूर करने और यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू)-भारत मुक्त व्यापार क्षेत्र की संभावनाएं तलाशने का लक्ष्य रखा है। दोनों देशों ने राष्ट्रीय मुद्रा का इस्तेमाल कर एक द्विपक्षीय निपटान प्रणाली स्थापित करने और पारस्परिक निपटान प्रक्रिया में डिजिटल वित्तीय उपकरणों को लाने की योजना बनाने की बात कही है। यह बात महत्वपूर्ण है कि मोदी ने जहां 21 सितंबर को अमेरिका में आयोजित क्वाड लीडर्स सम्मेलन में भाग लेकर इस संगठन की भारत के लिए उपयोगिता बढ़ाई, वहीं 22 सितंबर को न्यूयार्क में मोदी और जो बाइडेन के बीच हुई बातचीत में कोलकाता में एक सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित करने का करार हुआ है। इसी प्रकार 10 अक्टूबर को लाओस के वियनतियाने में आयोजित आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में आसियान देशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक के बाद जो बयान जारी किया है, उसके मुताबिक ये देश इस समूचे क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता से असहज और परेशान हैं तथा भारत के साथ आर्थिक, कारोबारी व सुरक्षा संबंधों का नया दौर आगे बढ़ाएंगे।

उल्लेखनीय है कि रूस के कजान में 22 से 24 अक्टूबर तक आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का

भारत ने रणनीतिक लाभ लिया। भारत और चीन के बीच पांच साल बाद अहम द्विपक्षीय वार्ता हुई। मोदी ने इस वार्ता के बाद कहा कि भारत और चीन के बीच संबंध महत्वपूर्ण हैं। निःसंदेह दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा और भारत का रणनीतिक महत्व लगातार बढ़ रहा है। 22 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मनी के स्टटगार्ट में आयोजित 'न्यूज9 ग्लोबल समिट' को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया भारत के रणनीतिक महत्व को स्वीकार कर रही है और यह पिछले 10 वर्षों में अपनाये गए 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' मंत्र के कारण संभव हुआ है। 21वीं सदी में तीव्र विकास के लिए भारत में प्रगतिशील और स्थिर नीति-निर्माण की व्यवस्था लाई गई, लालफीताशाही हटाई गई एवं जीएसटी (माल एवं सेवा कर) के रूप में एक कुशल कर प्रणाली शुरू की गई है। वस्तुतः जर्मनी का 'फोकस ऑन इंडिया' दस्तावेज इसका एक उदाहरण है। यह दस्तावेज दिखाता है कि दुनिया भारत के रणनीतिक महत्व को कैसे स्वीकार कर रही है। जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज हाल ही में अपनी तीसरी भारत यात्रा पर आए थे, जो दोनों देशों के प्रगाढ़ संबंधों को दर्शाता है। अब भारत को आर्थिक दुनिया की नई शक्ति के रूप में देखा जा रहा है। जहां अमेरिका और रूस भारत को एक जैसा महत्व दे रहे हैं। वहीं सभी महत्वपूर्ण वैश्विक मंचों पर भारत को विशेष अहमियत मिल रही है। जहां डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति का चुनाव जीतने के बाद भारत से मित्रता बढ़ाने की बात कही है, वहीं 10 नवंबर को रूस के राष्ट्रपति पुतीन ने भारत के बढ़ते आर्थिक कद को स्वीकार करते हुए भारत को वैश्विक महाशक्ति कहा और भारत से मैत्रीपूर्ण संबंधों की जमकर तरफदारी की है। निश्चित रूप से ट्रंप का राष्ट्रपति बनना भारत के लिए रणनीतिक रूप से फायदेमंद है। जनवरी 2025 में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से ऊर्जा की कीमतों पर लगाम लगेगी और ऐसे में भारत की जीडीपी में तेज वृद्धि होगी।

माना जा रहा है कि राष्ट्रपति की कुर्सी संभालने के बाद ट्रंप चीन पर 60 फीसदी तक टैरिफ शुल्क बढ़ा सकते हैं। ट्रंप प्रशासन के तहत चीन के साथ व्यापार युद्ध (ट्रेडवार) के तेज होने के आसार हैं। चूंकि अमेरिका के कुल आयात में चीन की हिस्सेदारी करीब 14 फीसदी है, ऐसे में अमेरिका में चीन से आयात में कमी आने से अमेरिका के बाजार में भारत से निर्यात बढ़ाने का बड़ा मौका मिलेगा। यह भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद चीन प्लस वन रणनीति के तहत भारत के वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में आगे बढ़ने के मौके होंगे। यद्यपि दुनिया में भारत का रणनीतिक आर्थिक महत्व बढ़ रहा है, लेकिन इसे ऊंचाई देने के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। भारत को लॉजिस्टिक लागत घटानी होगी। मेक इन इंडिया को अधिक कारगर बनाना होगा। शोध एवं नवाचार पर व्यय बढ़ाना होगा। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाना होगी। ई कॉमर्स निर्यात हब को तेजी से क्रियाशील करना होगा। वाणिज्य मंत्रालय के थिंक टैंक का उपयोग मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ताओं की मदद के लिए विशेष सेल बनाने में किया जाना होगा।

इन सबसे साथ-साथ एफटीए को आसान बनाया जाना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय एफटीए पर वार्ताओं और मानक परिचालन प्रक्रियाओं (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर यानी एसओपी) को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ हुई एक बैठक के बाद अब नए दिशा-निर्देशों पर केंद्रीय मंत्रिमंडल की शीघ्र मंजूरी जरूरी है। हम उम्मीद करें कि इस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत के बढ़ते हुए आर्थिक रणनीतिक महत्व का लाभ जहां द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने में मिलेगा, वहीं भारत दुनिया के नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में भी रेखांकित होते हुए दिखाई दे सकेगा।

ऑनलाइन कोर्ट
सोनम लववंशी

सुलभ और पारदर्शी न्याय का नया युग!

बीते दिनों न्यायिक प्रणाली में एक आमूल-चूल परिवर्तन देखने को मिला। जिससे सुलभ और पारदर्शी न्याय की आस जगना स्वाभाविक है। दरअसल न्यायिक प्रणाली का व्यवस्थित और सुचारू रूप से क्रियान्वित होना, एक सभ्य समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है और उसे आधुनिक बनाना समय की जरूरत है। वर्तमान समय में देश के भीतर संवैधानिक व्यवस्था के तले सभी को समान न्याय मुहैया कराने की तो बात की जाती है, लेकिन जब समय पर न्याय उपलब्ध कराने की बात आती है, तो उस मामले में हमारी व्यवस्था काफ़ी पिछड़ी हुई दिखाई पड़ती है। समय से न्याय न मिलना, अपने-आपमें स्वयं किसी अन्याय से कम नहीं। इन सबके बावजूद न्याय का मंदिर सिर्फ़ वादी-प्रतिवादी की फाइलों के ढ़ेर से भरा पड़ा है और न्याय के लिए लोग सिर्फ़ तारीखों के इंतजार में अपना समय, धन और क्या कुछ नहीं गंवा देते। इसी बीच केरल के कोल्लम में देश की पहली 24x7 ऑनलाइन कोर्ट की व्यवस्था की है। इस प्रकार का नवाचारी क़दम कहीं न कहीं देश में न्यायिक प्रणाली को डिजिटल और आधुनिक बनाने की दिशा में एक नई क्रांति की शुरुआत है। गौरतलब हो कि इस पहल का उद्घाटन 17 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी.आर. गवई द्वारा किया गया था, जिन्होंने इसे न्याय की उपलब्धता और दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल लाखों भारतीयों को न्याय प्राप्त करने में मदद करेगी और ₹सभी के लिए न्याय₹ की संविधानिक प्रतिबद्धता को साकार करने में सहायक होगी। देखा जाए तो 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ़ संविधान में लिखें वाक्यों से लोगों के जीवन में बदलाव दृष्टिगोचर नहीं होगा। इसीलिए इस तरह के क़दम से देशवासियों को काफ़ी उम्मीद है और यह पहल न सिर्फ़ न्यायिक प्रक्रिया को अधिक सुलभ, कुशल और पारदर्शी बनाने की दिशा में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से न्याय को व्यापक जनसमूह तक पहुंचाने का यह प्रयास, एक ऐसी सोच का प्रतीक है जो समाज के हर वर्ग को न्यायिक प्रक्रिया में समाहित करना चाहती है। यह अदालत एक ऐसी प्रणाली के तहत काम करेगी, जहां वादियों और वकीलों को भौतिक रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। कहीं से भी, किसी भी समय, केवल एक ऑनलाइन प्रपत्र भरकर केस दर्ज किया जा सकता है। इस प्रणाली के तहत एक मजिस्ट्रेट और तीन कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है, जो पूरी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करेंगे। डिजिटल माध्यम के जरिए यह सुविधा न्यायालयों के भारी दबाव को कम करने में सहायक होगी। खासकर उन मामलों के लिए, जिन्हें त्वरित निपटारे की आवश्यकता होती है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया को आसान बनाना, एक ऐसी सोच को दर्शाता है जो सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय को व्यावहारिक रूप से साकार करने की ओर अग्रसर है। आज, न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या करोड़ों में है। ऐसी स्थिति में यह डिजिटल पहल न केवल लंबित मामलों के बोझ को कम करने में सहायक होगी, बल्कि समय और संसाधनों की भी बचत करेगी। एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह ऑनलाइन कोर्ट वादियों के लिए न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया को सहज और सरल बनाएगी। कई बार वादियों को न्यायालयों तक पहुंचने के लिए भौगोलिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए न्यायालय तक पहुंचना एक कठिन कार्य है। ऑनलाइन कोर्ट की यह पहल इन चुनौतियों को समाप्त कर, एक ऐसा मंच प्रदान करती है, जो सभी को समान अवसर देता है। इसके अतिरिक्त, इस पहल से न्यायालयों में पारदर्शिता बढ़ेगी। डिजिटल माध्यम से संचालित प्रक्रिया रिकॉर्डिंग, डॉक्यूमेंटेशन और निगरानी के लिए बेहतर होगी, जिससे न केवल वादियों को भरोसा मिलेगा, बल्कि न्यायिक अधिकारियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। यह कदम भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को रोकने में भी प्रभावी सिद्ध हो सकता है।

पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो

संकलित
दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

अच्छी बातों को याद कर उसे जीवन में उतारे

संकलित
प्रेरणा

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों का पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा।

अंतर्मन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

आज की पाती

साइबर ठगी को लेकर सचेत रहें

कुछ महीने पहले वर्ल्ड साइबर क्राइम इंडेक्स ने दुनिया के लगभग सौ देशों के साइबर क्राइम का आंकड़ा जारी किया है। इसमें हमारे देश को साइबर क्राइम के मामले में 10वां स्थान मिला है, जबकि नंबर एक पर रूस, दूसरे नंबर में यूक्रेन, उसके बाद चीन तीसरे स्थान पर, जबकि अमेरिका भी साइबर क्राइम से अछूता नहीं है। अमेरिका इस आंकड़े में चौथे स्थान पर है। इन आंकड़ों से साफ जाहिर है कि दुनिया के दूसरे देश भी साइबर क्राइम से अछूते नहीं हैं। यह चिंता का विषय है कि साइबर क्राइम दुनियाभर में फैला है। साइबर सुरक्षा बहुत जरूरी है। साइबर क्राइम से न केवल धन की हानि होने की आशंका बनी रहती है, बल्कि इससे तकनीक के साधनों के दुरुपयोग होने के चांस भी बढ़ सकते हैं। साइबर चोर चोरी या धोखाधड़ी करने के लिए लोगों को लालच देते हैं। इससे सचेत रहने की जरूरत है। *– मोहन ठाकुर, धमतरी*

ट्रेंड

तेलंगाना में उपस्थिति

तेलंगाना भाजपा के विधायकों और सांसदों के साथ अच्छी बैठक हुई। राज्य में हमारी पार्टी की उपस्थिति तेजी से बढ़ रही है। तेलंगाना के लोग पहले से ही कांग्रेस से तंग आ चुके हैं और उनके पास बीआरएस के कुशासन की बेहद भयानक यादें हैं। वे बीजेपी की ओर बड़ी उम्मीद से देख रहे हैं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

असहमत होने की अनुमति

मैं यह सोचने में बहुत समय बिता रहा हूं कि कैसे नियम और आदतें बनाई जाएं जो हमें एक साथ रहने में सक्षम होने के बावजूद गहराई से असहमत होने की अनुमति दें। 5 दिसंबर को, मैं हमारे वार्षिक सम्मेलन में इस बारे में बात करूंगा।
-बराक ओबामा, पूर्व राष्ट्रपति, यूएसए

इतनी नफरत क्यों

अजमेर शरीफ़ दरगाह 800 सालों से है और यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद चादर भेजते हैं, आखिर क्यों भाजपा व आरएसएस के लोग मस्जिदों और दरगाहों के ताल्लुक से इतनी नफ़रत पैदा कर रहे हैं?
-असदुद्दीन औवेसी, लोकसभा सांसद

प्रतिष्ठित 'फ्लॉप शो'

मैं जसपाल भट्टी के प्रतिष्ठित 'फ्लॉप शो' के पुराने एपिसोड देखकर हंसी नहीं रोक सकता। दूरदर्शन पर क्या कमाल के शो होते हैं! अब आप इन सभी को नए ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर नई सामग्री के साथ देख सकते हैं। **-अक्षय कुमार, अभिनेता**

करंट अफेयर

डिग्री पाठ्यक्रमों की अवधि घटाने या बढ़ाने का विकल्प

उच्च शिक्षण संस्थान जल्द ही स्नातक (यूजी) छात्रों के सामने पाठ्यक्रमों की अवधि को छोटा करने या बढ़ाने का विकल्प पेश कर सकेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इस सप्ताह एक बैठक में उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए त्वरित डिग्री प्रोग्राम (एडीपी) और विस्तारित डिग्री प्रोग्राम की पेशकश के लिए मानक संचालन प्रक्रिया को मंजूरी दे दी है। यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार के अनुसार मसौदा मानदंडों को अब हितधारकों की प्रतिक्रिया के लिए सार्वजनिक किया जाएगा। कुमार ने कहा कि डिग्रियों में पाठ्क्रमों की अवधि छोटी किए जाने या बढ़ाए का उल्लेख होगा

ऑफ बीट

बच्चों के स्क्रीन टाइम को सीमित करे माता-पिता

कई परिवारों में कभी काम तो कभी मनोरंजन के लिए स्क्रीन से चिपके रहना दैनिक जीवन का हिस्सा होता है। लेकिन अभिभावकों के लिए, बच्चों को स्क्रीन से ज्यादा से ज्यादा दूर रखना ही काफी नहीं है बल्कि खुद के लिए भी स्क्रीन के उपयोग के प्रति संतुलित दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। हमारे अध्ययन में पता चला है कि जो माता-पिता स्क्रीन पर अत्यधिक समय बिताते हैं वे अनजाने में अपने बच्चों को भी इसी तरह की आदतों के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। ज्यादा समय स्क्रीन पर बिताने से बच्चों में संचार और बौद्धिक क्षमता के विकास में देरी हो सकती है।



संक्षेप

सुल्तानपुर में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

अयोध्या के अस्पताल में चल रहा था इलाज, पुआल रखने को लेकर हुआ था झगड़ा

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर के हलियापुर थाना क्षेत्र के पूरे लौगी मजरे फत्तेपुर गांव में मारपीट में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने थाने पर शव रखकर हंगामा किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर कार्रवाई शुरू कर दी है। बल्दीराय तहसील के हलियापुर थाना क्षेत्र के पूरे लौगी मजरे फत्तेपुर गांव में मंगलवार को पुआल हटाने को लेकर विपक्षियों ने बुजुर्ग की पिटाई कर दी थी। अयोध्या मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान गुरुवार को उनकी मौत हो गई। हलियापुर थाना क्षेत्र के पूरे लौगी मजरे फत्तेपुर गांव निवासिनी लालमती का आरोप है कि मंगलवार को वह अपनी भूमि में धान का पुआल रखी थी। उसी समय गांव के ही अर्जुन, राम भारत व सुदामा ने उन्हें पुआल हटाने को कहा। इसी बात पर विपक्षियों ने उनके पिता राम पदारथ को मारा-पीटा। गंभीर रूप से घायल पिता को कुमारगंज स्थित पिठला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां से अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। उनका इलाज अयोध्या हॉस्पिटल में चल रहा था। राम पदारथ की मौत हो गई। घर के लोग गुरुवार रात शव लेकर हलियापुर थाने में पहुंचे। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को इस मामले में मारपीट का केस दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

बांदा में बाइक सवार ने युवक को मारी टक्कर, मौत

घर से पैदल बाजार जाते समय हुई घटना, बाइक सवार फरार

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा में तेज रफ्तार बाइक ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी। जिसकी वजह से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक इलाज करने के बाद कानपुर रेफर कर दिया। जहां पर रास्ते में ले जाते समय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आपको बता दें की पूरा मामला बांदा के पैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत छनिहा डेरा का है। जहां के रहने वे सूरजबली पुत्र शिवपाल (40) अपने घर से पैदल जा रहे थे तभी रास्ते में किसी अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी जिसकी वजह से सूरजबली घायल हो गया। राहगीरों ने घायल अवस्था में देखा तो तुरंत परिजन को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक इलाज करने के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर ले जाते समय युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। अचानक हुई घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

ऑनलाइन आरटीआई को प्रोत्साहन हेतु डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने की समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने लो.नि.वि. बहराइच के निरीक्षण भवन में उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों, तहसीलदार व जिला विद्यालय निरीक्षक के जनसूचना अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में निर्देश दिया कि 30 दिवस की लक्ष्मण रेखा का सम्मान करें। जन सूचना अधिकार अधिनियम-2005 के अन्तर्गत प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण करते हुए अनिवार्य रूप से 30 दिवस के अन्दर सम्बन्धित को सूचना उपलब्ध करा दी जाए। सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि यदि किसी प्रार्थना-पत्र के सम्बन्ध में आप द्वारा सूचना नहीं दी जा रही है तो आवेदनकर्ता को 30 दिवस के अन्दर सूचना न देने के कारणों से अवश्य अवगत कराया जाय। राज्य सूचना आयुक्त ने सभी सम्बन्धित से कहा कि किसी भी परिस्थिति में 30 दिन की लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि अधिनियम के माध्यम से नागरिकों को सूचना का अधिकार दिया गया है। इस प्रक्रिया के ऑनलाइन क्रियान्वयन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। विगत कुछ महीनों में ही इसके उत्साहजनक परिणाम दिखाई देने लगे है। उन्होंने कहा कि जन सूचना अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को ऑनलाइन आवेदन और सूचना प्रदान करने में अपने दायित्व का निर्वाह करना चाहिए। इससे खासतौर पर गरीब लोगों को बहुत राहत मिलेगी। उनको व्यर्थ दौड़ना नहीं पड़ेगा। इसके साथ ही जिला पंचायत राज कार्यालय से लेकर ग्राम सचिवालय तक ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए जिससे गांव के लोगों को बिना परेशानी के सूचना मिल सके। सूचना मिलने से ही उनकी संबंधित समस्या का समाधान भी सहजता से हो जाता है। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी व तहसीलदार सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

नानपारा विधायक को दी जन्मदिन की बधाई

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। 283 विधानसभा नानपारा विधायक/नेता विधानमंडल अपना दल (एस) रामनिवास वर्मा का जन्मदिन रविवार कों पार्टी पदाधिकारी एवं शुभचिंतकों ने धूमधाम से मनाया।विधायक श्री वर्मा कों जन्मदिन की बधाई देने के लिए तड़के सुबह से ही समर्थकों सहित पार्टी के कद्दावर नेताओं का देर रात तक उनके आवास बहराइच पर लोगों का आना जाना लगा रहा। इसी क्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच का प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष आनंद मोहन मिश्रा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज वर्मा,जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर पाठक, ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज अरविन्द वर्मा ने विधायक/नेता विधान मंडल दल राम निवास वर्मा से मिलकर उनकी दीघार्यु की कामना करते हुए अंगवस्त्र व गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनायें दी।

खैरीघाट पुलिस ने तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में अ0पु0अ0 (ग्रामीण) व सीओ महसी के निर्देशन में थानाध्यक्ष खैरीघाट संजय कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत आदेशों के अनुपालन में थाना क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से 1- मुलायम सिंह पुत्र सत्रोहन लाल निवासी सजीदाबाद दा0 गडिया थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी 2- सालिकराम पुत्र केदारनाथ निवासी बरदहा बाजार थाना खैरीघाट 3- रमजान पुत्र लाले निवासी नकहा खाना खैरीघाट जनपद बहराइच को वरिष्ठ उप निरीक्षक देवेंद्र कुमार सिंह उपनि0 रामप्रवेश यादव हेड कां0 अवधेश कुमार यादव कां0 धर्मेंद्र कुमार मौर्य व बृजेश कुमार द्वारा अ0स0 817/24 व 54/23,88/91 की विभिन्न धाराओं अंतर्गत माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों निदेर्शों का पालन करते हुए गिरफ्तार कर गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया गया। गिरफ्तारी की सूचना वारंटियों के परिजनों को जरिये उचित माध्यम दी गई।

व्यापार मण्डल के आह्वान पर रुपईडीहा के व्यापारियों ने दिया पूर्ण समर्थन

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। रुपईडीहा व्यापार मंडल द्वारा प्रत्येक माह की पहली तारीख को व्यापार बंद करने का आह्वान किया था। दिसंबर माह की पहली तारीख रविवार को रुपईडीहा की बंदी पूर्णता सफल रही। हालांकि दूसरे व्यापार मंडल ने बंदी का विरोध किया था।जिसको लेकर उस गुट के समर्थकों ने अपने प्रतिष्ठान खुले रखे। रविवार की सुबह से बाजार में दुकानें नही खुलीं।इस दौरान ठेले पर सामान बिक्री करने वाले छोटे व्यापारियों ने भी बंदी को पूर्ण समर्थन करते हुए बंद रखा। अभूतपूर्व बंदी सफलता से गदगद व्यापारी नेताओं क्रमशः अध्यक्ष शैलेश जयसवाल, महामंत्री योगेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष सन्तोष अग्रवाल आदि ने बंदी को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया है। नगर के स्टेशन रोड,आजाद रोड,बजाजा मार्केट, नेशनल हाईवे, चकिया रोड,आदि स्थानों पर दुकाने पूर्णतया बंद रही।दो व्यापार मण्डल गुट को देखते हुए कोतवाल दद्दन सिंह मय दल बल के साथ मार्केट में गश्त कर हालात पर नजर बनाये रखे हुए थे।हालांकि अधिकतर व्यापारियों ने बंदी का फायदा उठाते अपने अधूरे पड़े कार्यो को निबटाया।

सीओ अनिल सिंह का भव्य विदाई समारोह आयोजित

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कोतवाली कैसरगंज के प्रांगण में एक दिसंबर को सीओ अनिल सिंह के सेवानिवृत्ति के अवसर पर भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। सीओ अनिल सिंह ने 41 वर्षों तक पुलिस विभाग में अपनी सेवा देकर कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। समारोह में एसडीएम आलोक प्रसाद, ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह, कोतवाल हरेंद्र मिश्रा, डॉक्टर अरविंद सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता बालक राम सरोज, नायब तहसीलदार कौशलेंद्र चौधरी, पूर्व प्रधान और मौलाना खालिद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने सीओ अनिल सिंह के अनुशासन, ईमानदारी और समर्पण की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि सीओ साहब ने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा और साहस के साथ निभाया। समारोह के दौरान सीओ अनिल सिंह को शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। भावुक अनिल सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह 41 वर्षों की सेवा उनके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने हमेशा अपने कर्तव्य को प्राथमिकता दी और विभाग के साथ-साथ जनता का भरोसा जीतने का प्रयास किया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने उनकी उपलब्धियों को याद करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यह समारोह न केवल उनके योगदान का सम्मान था, बल्कि उनके सहयोग, नेतृत्व और यादगार कार्यशैली को सहेजने का एक अवसर भी था।

रविन्द्र नाथ क्लब ने जीता रुपईडीहा लीग मैच का फाइनल

मुख्य अतिथि रहे इशरत महमूद खान

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। स्थानीय रामजानकी क्रिकेट ग्राउंड में खेली गई रुपईडीहा क्रिकेट लीग के फाइनल रवीन्द्रनाथ क्लब ने जीत लिया।टॉस जीतकर करीमचिश्ती ने रविन्द्र नाथ क्लब को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। निर्धारित 25 ओवरों में रवीन्द्रनाथ क्लब ने 133 रन बनाये। जिसमे ने रनों के सहयोग किया।करीम चिश्ती की ओर से शानदार बोलिंग करते हुए विकेट लिए। जवाब में करीमचिश्ती ने निर्धारित लक्ष्य में बना लिया। फाइनल मैच में मुख्यातिथि इशरत महमूद खान सेक्रेटरी डीसीए, हरीश चंद गुप्ता भाजपा नेता संदीप जयसवाल जिला पंचायत सदस्य,हरीश चंद्र पूर्व प्रमुख, नगर कोतवाल दद्दन सिंह, शैलेश जायसवाल, योगेंद्र शर्मा, सन्तोष अग्रवाल, दीपक जायसवाल, सुशील बंसल, डब्बू अग्रवाल, संजय वर्मा, शेर सिंह कसौधन, मनीराम शर्मा, मोहम्मद कौशर मोहम्मद अरशद संतोष सिंह आदि उपस्थित रहे।आयोजक शिवअजय एकेडमी जुबेर अहमद फारूक ी द्वारा दोनों टीमो को आकर्षक पुरुस्कार मुख्य अतिथियों के हाथों दिलाया गया।

राजकीय हाई स्कूल में कैरियर गाइडेंस मेले का हुआ भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। राजकीय हाई स्कूल बदरौली कैसरगंज में प्रधानाचार्या नीतू तथा कैरियर गाइडेंस की प्रभारी सुनीता मौर्या के निर्देशन में कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्र कैसरगंज, उ0 नि0 अर्जुन प्रसाद,बैंक शाखा प्रबंधक आर्यावर्त बैंक बदरौली रोहित सिंह,स्वास्थ्य विभाग से संजय, प्रधानाध्यापक यू पी एस बदरौली दीपक गुप्ता, हे0का0 जयप्रकाश यादव, का0 दीपक चौधरी म, म0उ0नि0 आशा वर्मा, म0का0 सोनी सिंह, म0का0 निशा सिंह थाना कैसरगंज के द्वारा कैरियर गाइडेंस विषय पर छात्र छात्राओं को वृहद रूप से जानकारी दी गई तथा सभी अतिथियों द्वारा कैरियर हब का निरीक्षण किया गया। छात्रों को सम्बन्धित विषयो के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों के द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं माल्यार्पण किया गया। कार्य क्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर माता सरस्वती जी को माल्यार्पण किया गया। छात्रों द्वारा सरस्वती वन्दना गीत प्रस्तुत किया।सभी अतिथियों को जलपान एवं छात्र छात्राओं में मिष्ठान वितरण किया गया।अंत में कार्य क्रम का समापन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा अतिथियों को उपहार भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। प्रतिभाशाली छात्रों को मैडल देकर पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के संचालन में सहयोगी शिक्षिकाएं स्नेहा वर्मा, विभा, सुदामा देवी,स्पेशल एजुकेटर सपना सिंह सहित अन्य विद्यालय कर्मचारी भी शामिल रहे।

संदिग्ध परिस्थिति में लापता हुआ युवक

सात सालों से बीमार, मुंबई और यूपी के कई अस्पतालों से चल रहा था इलाज

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, रामगंज थाना क्षेत्र के भागीपुर त्रिशुंडी गांव में एक 28 वर्षीय युवक के लापता होने से परिजनों में हड़कंप मच गया। मनीष कुमार नाम का यह युवक शाम घर के पास से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। आज सुबह युवक के पिता भगवान प्रसाद राय और भाई ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। रामगंज एसएचओ अजयेंद्र पटेल ने बताया, लापता युवक के परिजनों से मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। युवक की तलाश के लिए सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है। परिजनों के मुताबिक, मनीष पिछले सात वर्षों से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहा था और उसका इलाज मुंबई और उत्तर प्रदेश के अस्पतालों में चल रहा था। पुलिस युवक की तलाश में जुटी है। इलाके में मनीष के लापता होने की खबर के बाद से ग्रामीणों में भी चिंता है। परिवार के लोग रिश्तेदारों और परिचितों के माध्यम से भी मनीष का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है, और पुलिस परिजन को जल्द राहत देने के प्रयास में जुटी हुई है।

अमेठी में 181 जोड़ों का हुआ विवाह

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में पहुंचे घराती-बाराती, दिया गया उपहार

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी के भेटुआ ब्लॉक स्थित बालिका इंटर कॉलेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हिंदू-मुस्लिम और बौद्ध समाज के 181 जोड़ों का विवाह उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया गया। मुस्लिम जोड़ों का निकाह पढ़वाया गया, जबकि हिंदू और बौद्ध समाज के जोड़ों की शादी उनके परंपराओं के अनुसार हुई। शादी के बाद प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत उपहार सभी नवविवाहित जोड़ों को सौंपे गए। मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष और उद्योगपति राजेश अग्रहरी ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, एसडीएम अमेठी आशीष कुमार सिंह, सीओ जगदीश कुमार, ब्लॉक प्रमुख आकर्ष शुक्ला समेत कई अधिकारी और समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि अमेठी जिले को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 1014 शादियों का लक्ष्य मिला है। पहले चरण में 197 जोड़ों का पंजीकरण किया गया था, जिनमें से 181 जोड़े विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए। इन 181 जोड़ों में 24 जोड़े अल्पसंख्यक समुदाय से थे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों की शादी कराना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक सौहार्द का भी संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का समापन नवविवाहित जोड़ों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

बांदा जिला अस्पताल के वार्ड बॉय की बाइक चोरी

घटना सीसीटीवी में हुई कैद, रात में ड्यूटी पर था तैनात

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा में चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सरकारी संस्थानों में लगे सीसीटीवी के बावजूद चोरों के हौसले बुलंद है। चोरों को सीसीटीवी का भी कोई खौफ नहीं है। सीसीटीवी के सामने वारदातों को अंजाम देने में लगे हुए हैं।जिसका ताजा उदाहरण एक बार फिर बांदा जिला अस्पताल में देखने को मिला है। जहां रात में ड्यूटी में तैनात वार्ड बाय की बाइक चोर आराम से चोरी करके फरार हो गए। चोरी की घटना सीसीटीवी में दर्ज हो गई। बावजूद इसके पुलिस अभी तक बाइक चोरों का पता नहीं लगा सकी है। चोरी की वारदात बांदा मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल में अंजाम दी गई है। जहां रात में ड्यूटी में तैनात लक्ष्मीकांत त्रिपाठी अपनी ड्यूटी करने आया था। जिला अस्पताल बाइक स्टैंड में अपनी बाइक खड़ी करके अपनी ड्यूटी कर रहा था। ड्यूटी से वापस जब लक्ष्मीकांत लौटा तो उसकी बाइक नदारत थी। अस्पताल का सीसीटीवी खंगाला गया, तो सीसीटीवी फुटेज में साफ तौर पर एक युवक बाइक चोरी करते और उसको ले जाते दिखाई दिया है। वारदात स्थल से चंद कदम की दूरी पर जिला अस्पताल पुलिस चौकी भी मौजूद है। पुलिस की मौजूदगी में अस्पताल से चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया है।

दबंगों ने युवक को पीटकर मोबाइल तोड़ा

थाने से 100 मीटर दूर की घटना, गाड़ी टकराने पर गुस्साए

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी में देर रात बाइक सवार दबंगों ने जमकर तांडव मचाया। गाड़ी टकराने के मामूली विवाद में दबंगों ने पहले तो युवक को पीटा फिर उसका कीमती मोबाइल फोन सड़क पर पटक कर तोड़ दिया। दबंगो की गुंडई सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपियों हिरासत में लेकर बाइक को कब्जे में लिया है। पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के कस्बे का है, जहां देर रात कोतवाली से महज 100 मीटर दूर हनुमानगढ़ी मंदिर के सामने गंगागंज गली का रहने वाला कृष्णा कसौंधन बाइक से बस अड्डे की तरफ जा रहा था। सामने से दो युवक बाइक से पहुंचे, जहां दोनों की बाइक में हल्की टक्कर हो गई। गाड़ी टकराते ही दबंगों ने कृष्णा की पिटाई कर दी और जब इतने में भी मन नहीं भरा तो उसके कीमती मोबाइल को सड़क पर पटककर तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कृष्णा के परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी मौके पर इकट्ठा हो गए और दोनों पक्षों में हंगामा शुरू हो गया। करीब एक घंटे तक हंगामा होता रहा, लेकिन 100 मीटर दूर कोतवाली पुलिस को भनक नहीं लगी। काफी देर बाद पुलिस के तीन सिपाही और होमगार्ड के दो जवान मौके पर पहुंचे

जीजा ने की साले की गोली मारकर हत्या

पारिवारिक विवाद, बहन बोली– फांसी दो या काट दो, उसने मेरे भाई को मारा

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में गुरुवार की रात एक जीजा ने साले की गोली मारकर हत्या कर दी है। घटना कोतवाली नगर के शास्त्रीनगर स्थित कटहल बाग की है। युवक को राजकीय मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया एसपी समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की। शास्त्री नगर चौकी क्षेत्र के कटहल वाली बाग के पास सम्पती विवाद को लेकर रमेश चन्द्र अग्रहरि (42) को उसके जीजा संतोष अग्रहरि ने गोली मार दी। आनन फानन में पारिवारिक जन से जिला अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टर ने उसे डेड घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर सैकड़ों की संख्या में मोहल्ला वासी वहां इकट्ठा हो गए। प्रथम दृष्टया पारिवारिक कलह की बात सामने आ रही है। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, एएसपी अरुण कुमार सिंह, सीओ सिटी प्रशांत सिंह ने अस्पताल पहुंचकर जायजा लिया है। सीओ ने बताया कि पारिवारिक विवाद में बहनोई ने साले को गोली मार दी। उसको अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एफआईआर करके अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। रमेश बल्दीराय थानाक्षेत्र के नरसड़ा लंगड़ी का मूल निवासी है, वो दिल्ली में रहता है। आज एक शादी समारोह में शहर आया था, जहां से वो बहन के घर के गया था। अस्पताल में बहन ने कहा उसको फांसी हो जाए, उसको काट काटकर मार डाला जाए मैं यही चाहती हूं। मेरा भाई था वो।

संक्षेप

शिकारपुर में किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

चाकू दिखाकर युवक कमरे में ले गया, शिकायत करने पर आरोपी की मां ने दी धमकी

अमन लेखनी समाचार

शिकारपुर, शिकारपुर के अहमदगढ़ क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ गांव के ही युवक ने चाकू के बल पर डरा-धमकाकर दुष्कर्म करने की कोशिश की। पीड़िता के शोर शराबा मचाने पर ग्रामीणों के आने पर आरोपी युवक वहां से भाग गया। पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है। पीड़िता किशोरी की मां ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री मंगलवार की रात्रि अपनी मौसी के घर से टीवी देखने के बाद घर वापसी लौट रही थी। तभी गांव का ही युवक अल्ताफ अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर उसकी बेटी को रास्ते में रोककर जबरन चाकू के बल पर अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपनी दुकान की छत पर ले जाकर कमरे में छेड़खानी करने लगा । लड़की के विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करते हुए दुष्कर्म करने की कोशिश करने लगा। वही शोर शराबा सुनकर ग्रामीण वहां इकट्ठा हुए और वह भाग गया।इसके बाद ग्रामीणों ने लड़की को घर छोड़ा। इसके बाद पीड़िता ने आपबीती सुनाई। लड़की की मां अल्ताफ के घर गई तो उसकी मां ने उसके साथ में भी मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया। पीड़िता की मां ने अहमदगढ़ थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी शिकारपुर विकास प्रताप सिंह चौहान ने बताया पीड़िता की मां की तहरीर पर गांव के निवासी अल्ताफ पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है। आरोपी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं पीड़िता को मेडिकल के लिए बुलन्दशहर जिला चिकित्सालय भेज दिया है।

बिजनौर में गोली मारने वाले 2 गिरफ्तार

अवैध तमंचा और कारतूस बरामद, युवक के पैर में लगी थी गोली

अमन लेखनी समाचार

बिजनौर, बिजनौर के शहर कोतवाली पुलिस ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस दोनों आरोपियों का चालान कर जेल भेजने की कवायद में जुट गई है । दरअसल हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के सैदाबाद के रहने वाले मुबारिक ने शहर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 21 अक्टूबर को उसके भाई इंतजार के ऊपर जानलेवा हमले की नीयत से आरोपी सलीम, वसीम, पुत्र नसीम फैयाज, फैजान पुत्र यूनुस ने गोली चला दी थी। गोली उसके पैर में लगी थी, जिसको गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस मामले में पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। आज पुलिस ने मुबारिक और इंतजार दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक अवैध तमंचा 315 बोर और कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश करने की कवायद में जुट गई है।

होटल कारोबारी से गीडा पुलिस द्वारा हप्ता वसूली को लेकर शिकायत-एक्स पर वीडियो व आडियो वायरल

होटल कारोबारी ने शिकायत कर थाना प्रभारी व पिपरौली चौकी के दीवान पर लगाया वसूली का आरोप

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के गीडा सेक्टर बाईस मे स्थित एक होटल कारोबारी ने शिकायत कर तथा टीयूटर पर वसूली का दबाव बनाने का वीडियो व आडियो वायरल कर कार्यवाही करने की मांग किया है वही शिकायत कर्ता ने बताया कि गीडा थाने के थाना प्रभारी व पिपरौली चौकी के दीवान वृजेश सिंह द्वारा होटल पर आ कर छः हजार रुपये हप्ता देने का दबाव बना रहे हैं वही हप्ता न देने पर होटल को शील करा देने की बात कह रहे हैं वही होटल कारोबारी ने बताया कि पहले साहब के सिप्सलार के द्वारा मोबाईल पर रुपये देने की बात कही गई उसके बाद होटल पर चौकी के दीवान वृजेश सिंह द्वारा आकर हप्ता वसूली का दबाव बनाया गया वही जब हप्ता नही दिया गया तो थाना प्रभारी गीडा व पुलिस चौकी पिपरौली के दीवान पुलिस फोर्स के साथ होटल पर पहुंच कर होटल कारोबारी महिला को बाहर बुला कर दबाव बनाने की बात कही जा रही है और होटल कारोबारी ने उस समय का सीसी टीवी फुटेज वायरल कर आरोप लगा रही है और सीसी टीवी फुटेज में सभी लोगो का वीडियो दिख रहा है फिर हाल सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वीडियो कुछ दिनों पहले का बताया जा रहा है लेकिन होटल कारोबारी महिला का कहना था कि हम होटल कारोबारी से गीडा पुलिस छः हजार रुपये हप्ता लेने का दवाब बना रही है वही यह पूरा मामला टीयूटर पर वीडियो व आडियो लोड कर कार्यवाही की मांग कर रही हैं।वही पीड़ित होटल कारोबारी के पति का कहना है कि गीडा थाना प्रभारी के द्वारा हम लोगो को काफी प्रताड़ित किया जा रहा है और पीड़ित ने मुख्यमंत्री महोदय से शिकायत कर थाना प्रभारी समेत सभी आरोपियों पर कार्यवाही करने की मांग कर रहा है।वही सीओ गीडा प्रशाली गंगवार का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही हैं जाँच पूर्ण होने पर कार्यवाही किया जायेगा।

बीआईटी दो दिवसीय मण्डलस्तरीय टेकजेनेसिस का हुआ समापन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के बुद्धा इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गीडा, गोरखपुर मे दो दिवसीय मण्डलस्तरीय टेक-जेनिसिस 9.0 का समापन हुआ। इस टेक-जेनिसिस महोत्सव में गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, सिद्धार्थनगर, महराजगंज, बस्ती, खलीलाबाद जनपद के सैकड़ों विद्यालयों के हजारों छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस महोत्सव में तकनीकी, ब्रेनविटा व नवाचार से संम्बंधित दर्जनों प्रतियोगिताएँ एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस का शुभारम्भ मुख्य अतिथि व गोरखपुर जिला विद्यालय निरीक्षक अमरकान्त सिंह जी द्वारा किया गया ।समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ल एवं अध्यक्षता संस्थान के सचिव डा0 रजत अग्रवाल द्वारा किया गया । प्रतियोगिता में क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, सहित अन्य खेल प्रतियोगिताएं, नृत्य गायन लेखन नाटक मिमिक्री रंगमंच किया गया। कार्यक्रम में कालेज के निदेशक बी0आई0टी0 डा0 अरविन्द पाण्डेय, निदेशक फामेर्सी डा0 आशीष सिंह, निदेशक डिग्री काजेल डा0 लतेन्द्र श्रीवास्तव, निदेशक डिप्लोमा श्री अभिनव श्रीवास्तव, निदेशक मैनेजमेन्ट डा0 अभिषेक त्रिपाठी, संदीप निगम, प्रो0 एच0एन सिंह, डा0 डी0के0 द्विवेदी, प्रो0 शोभा लाल, फैजान महमूद, श्याम बिहारी लाल, रवीन्द्र सिंह, पिंकी पाण्डेय, अकिंत पाण्डेय, मो0 एहराज सिद्धीकी सहित सभी सहयोगियो का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में संस्थान के प्रशासन सहित कालेज के सभी शिक्षक, कर्मचारी तथा मीडियाकर्मी व छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

अवैध खनन को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने छः नामजद 10 अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया केस

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के एक ढाबे पर अवैध खनन को लेकर खनन माफियाओं ने एक पट्टा धार के आदमियों को मारपीट कर घायल कर दिए थे। और स्कार्पियो तोड़ दिए थे। पीड़ित के शिकायत पर पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।मिली जानकारी से अमन सिंह पुत्र विक्रम महेंद्र प्रताप सिंह निवासी सेंदुरी बेंदुली बड़गो थाना रामगढ़ताल जिनका जमुआड़ थाना चिलुआताल में खनन का पट्टा चलता है।शुक्रवार की रात्रि में 11 बजे एक खनन माफिया पहुंचा और जबरजस्ती अपनी गाड़ी लोड कराने के लिए विवाद करने लगा था। खनन माफिया के बुलाने पर एक ढाबे पर आकाश पासवान,शिवम यादव आदमी पहुंचे जिन्हें खनन माफिया ने अपने आदमियों के साथ मिल कर असलहा लहराते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए थे। और स्कार्पियो तोड़ दिए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने संतोष यादव,भोलू,सोनू, शम्भु,कुलदीप यादव,महानंद यादव तथा 10 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

ट्रैक्टर बेचने के नाम पर जालसाज ने लाखों रुपए हड़पे, जालसाजी का केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवा थाना क्षेत्र के डुगडुईया निवासी एक व्यक्ति को जालसाज ने ट्रैक्टर बेचने के नाम पर 8.20 लाख रुपया हड़प कर फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो जालसाजों के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के डुगडुईया निवासी मनमोहन सिंह की मुलाकात मुस्तफाबाद उर्फ मलउर निवासी एक व्यक्ति से हुई। उससे ट्रैक्टर खरीदने की बात हुई उसने कॉपियां थाना बखिरा जिला संतकबीरनगर एक जालसाज से मिलाया। और ट्रैक्टर खरीदने की बात तय हुआ। जालसाजों ने कहा की कालेसर यार्ड में दो ट्रैक्टर खींच कर रखा हुआ है।17 जनवरी 2024 को जालसाज के बैंक खाते में 8 लाख भेज दिया।20 हजार नकद दे दिया। होटल में बुलाकर जालसाजों ने रिलीजिंग लेटर दिखाया। और हस्ताक्षर करा लिया। पता की लेटर फर्जी है।कूटरचित ट्रैक से तैयार किया गया। इसके जालसाज फरार हो गए। पीड़ित के शिकायत पर पुलिस ने जालसाज अष्टभुजा गिरी, और हिमांशु सिंह के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कर लिया है।

वारंट के बाद भी नहीं हो रही गिरफ्तारी, नहीं दे रहा भरण पोषण

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के ठरार्पार निवासी एक महिला ने पति पर घरेलू हिंसा का केस दर्ज कराया था। न्यायालय द्वारा उसके रहने के लिए आवास और 2 हजार नकद देने का आदेश दिया था। आदेश के बाद पति द्वारा भरण पोषण नहीं दिया जा रहा थे। न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ एनबीडब्लू जारी कर न्यायालय में पेश करने का निर्देश दिया था। लेकिन पुलिस ने आरोपी को खुले में छूट रखी है। पीड़िता ने थाने में शिकायत कर भरण पोषण दिलाने की मांग किया है।नीलू यादव ने ठरार्पार निवासी अपने पति रमाकांत यादव के खिलाफ घरेलू हिंसा का केस दर्ज कराया था। 20 अप्रैल 2023 में न्यायालय ने पीड़िता के पक्ष में भरण पोषण के लिए आवास,2 हजार रुपया प्रतिमाह और 50 हजार मुफ़्त राशि देने का आदेश दिया था। लेकिन आरोपी द्वारा भरण पोषण नहीं दिया गया। न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ एनबीडब्लू जारी कर पुलिस से कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिए थे। लेकिन पुलिस की लापरवाही से आरोपी खुलेआम घूम रहा है।

पोस्ट मास्टर के साथ बदसलूकी

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम लखनापार के पोस्टमास्टर संजय कुमार ने थाना क्षेत्र स्थित मिनवा बैंक के कर्मचारियों पर बदसलूकी का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पोस्ट मास्टर ने पुलिस को बताया कि विगत हफ्ते मिनवा बैंक के फील्ड ऑफिसर द्वारा प्रार्थी से केसीसी बनाने के नाम पर ?5000 खर्च कर दिया। कई दिनों तक बैंक पर दौड़ते रहे कार्य नहीं हुआ। कार्य न होने पर प्रार्थी जब अपनी फाइल मांगा तो वे भड़क गए और अपने अधीनस्थों द्वारा अशब्दों का प्रयोग कहते हुए बैंक से धक्का देकर बाहर करवा दिया। इतना ही नहीं प्रार्थी के मना करने पर बैंक गार्ड द्वारा अपना असलहा हाथ में इधर-उधर फेरते हुए कठोर शब्द कहा और बैंक में न आने की बार- बार हिजयत देता रहा। उक्त संदर्भ में हल्ला दारोगा राकेश सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया था, परंतु प्रार्थना पत्र अभी नहीं मिल पाया है।

बेटी का फर्जी आधार बनाकर बेच दी जमीन

- मेरठ में धर्म परिवर्तन करके लवमैरिज करने से नाराज मां दे रही अब जान से मरवाने की धमकी

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, बेटी ने धर्म परिवर्तन कर लवमैरिज की तो मां ने उसके हिस्से की जमीन बेच दी। बेटी ने जमीन मांगी तो उसे और पति को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। युवती ने शुक्रवार को पुलिस ऑफिस पहुंचकर मां और एक युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने पूरे मामले में जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। पीड़ित युवती रूबीना पुत्री नफीस बहरोडा किठौर की रहने वाली है। रूबीना ने बताया कि 3 महीने पहले उसने धर्म परिवर्तन करके अर्जुन से शादी कर ली। इस बात से उसकी मां नाराज थी। रूबीना ने बताया कि उसके पिता की 4 बीघा जमीन मां और तीन बहनों के नाम पर थी। बेटी अपनी जमीन न मांग ले इसके चलते मां शमशीदा ने बेटी को नाबालिग दिखाकर जमीन राधना इनायतपुर मेरठ के रिजवान को बेच दी। बेटी का फर्जी आधार कार्ड लगाया गया। रूबीना ने बताया कि जमीन बेचे जाने की जानकारी होने पर उसने मां से विरोध जताया तो उन्होंने गाली-गलौज करते हए जान से मरवाने की धमकी दी।

रूबीना का कहना है कि मां के पास फिरोज नाम का युवक रहता है, जो उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। पूरे मामले में एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

मेरठ में बंदरों, कुत्तों से परेशान प्रभात नगर के लोग

दिनरात घरों के बाहर दे रहे पहरा, बच्चों पर मंडरा रहा खतरा

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में बंदरों, कुत्तों के आतंक से लोग परेशान हैं। प्रभात नगर वार्ड 50 के लोग कुत्तों, बंदरों के कारण घर में कैद हो गए हैं। बच्चे भी खौफ में हैं। दिनरात यहां बंदरों, कुत्तों का आतंक है। बंदर पूरे इलाके में धमाचौकड़ मचाकर लोगों को डराते हैं। कई बार लोगों को काट भी चुके हैं। यहां के लोगों को मजबूरन दिनरात घरों में पहरा देकर बंदरों को भगाना पड़ रहा है। लेकिन नगर निगम में सुनवाई नहीं हो रही। वार्ड निवासी भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने बताया कि निगम भी सुनवाई नहीं कर रहा। छोटे बच्चों से लेकर बड़ों का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया। अब मजबूरन हम लोगों को मंत्री जी को अपनी शिकायत करनी पड़ रही है। क्षेत्रवासियों ने शहरी विकास कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा को अपनी शिकायत भेजी है। जिसमें बंदर, कुत्तों के आतंक से निजात के लिए मांग उठाई है। लोगों ने चिट्ठी में लिखा कि मेरठ वार्ड 50 प्रभातनगर क्षेत्र में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, दर्जनों लोग घायल हो गए है, आमजन त्राहि त्राहि कर रहे है नगर निगम अधिकारियों को सूचित करके थक गये है पर कोई सुनवाई नहीं, क्षेत्रवासीगण दिन रात खौफ में जीवन यापन कर रहे है, बच्चो ने घर से बाहर निकलकर खेलना बंद कर दिया, रोजाना घर के गमले लाइट, विद्युत तार, इंटरनेट सेवाएं तार को तोड़ दिया जाता है, विभागीय अधिकारी मौन है जनता त्रस्त है। आपसे निवेदन है कि आप अपने स्तर से जांच कर ठोस कार्यवाही कर आमजन को राहत प्रदान करने का कष्ट करे। मेरठ शहर की जनता में बंदरों का खौफ है। शहर का कोई मोहल्ला, गली, कालोनी, बाजार और सरकारी कार्यालय ऐसा नहीं है, जहां बंदरों की फौज का घर नहीं बना है। एक अनुमान के मुताबिक शहर में 50 हजार से ज्यादा बंदर हैं। आतंक इस कदर है कि कई स्थानों पर तो लोगों ने खुद को घरों में कैद कर लिया है और बंदर खुले घूमते हैं। बंदर घर में प्रवेश न कर सकें इसके लिए घर को लोहे के जाल से कवर कर लिया गया है।

परदादा परदादी एजुकेशनल सोसाइटी ने मनाया 24वां वार्षिकोत्सव

अनूप शहर में 3500 गरीब छात्राओं को निशुल्क शिक्षा दे रहे

अमन लेखनी समाचार

अनूपशहर, अनूपशहर में परदादा परदादी एजुकेशनल सोसाइटी (पीपीईएस) ने अपने स्कूल परिसर में बड़े धूमधाम से अपना 24वां वार्षिकोत्सव समारोह मनाया। इस अवसर पर एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड की सीएसआर और ईएसजी की उपाध्यक्ष सोनिया नागपाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही। सोनिया नागपाल ने अपने संबोधन में छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, बड़े सपने देखो और उन्हें पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करो। समर्पण के साथ, एक दिन तुम भी यहां मुख्य अतिथि के रूप में खड़े हो सकते हो। साथ ही उन्होंने पर्यावरणीय जिम्मेदारी और स्थिरता के महत्व पर भी जोर दिया। परदादा परदादी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य के.के. शर्मा ने स्वागत भाषण के साथ समारोह का उद्घाटन किया और संस्थान की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पीपीईएस की शुरूआत शिक्षा प्रदान करने और समुदायों को सशक्त बनाने के एक छोटे से सपने से हुई थी। आज, संस्था अपने 24वें वर्ष में कदम रख चुकी है और गर्व से देख रही है कि 186 पूर्व छात्राएं सफल करियर बना रही हैं, जबकि 3,500 से अधिक लड़कियां शिक्षा और खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त कर रही हैं। समारोह में छात्राओं ने अपनी कला और प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। एनसीसी परेड, स्कूल बैंड प्रस्तुतियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और जीवंत नृत्य ने समारोह में चार चांद लगा दिए, जिससे बच्चों की अपार क्षमता और उत्साह का एहसास हुआ।

खुर्जा में दो पक्षों में जमकर मारपीट

घर के सामने जबरन ट्रांसफार्मर लगाने पर विवाद, विरोध करने पर मारपीट

अमन लेखनी समाचार

खुर्जा, खुर्जा के पहासू थाना क्षेत्र के खंडार रोड पर गरीब परिवार से मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आरोप है कि घर के सामने ट्रांसफार्मर लगवाने से मना करने पर दबंगों ने लाठी-डंडों से परिवार पर हमला कर दिया। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि लाठी-डंडों से लैस कुछ दबंग गरीब परिवार के सदस्यों को पीट रहे हैं। वीडियो में गाली-गलौच और परिवार के सदस्यों के चीखने की आवाज भी सुनाई दे रही है। पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि दबंग जबरन उनके घर के सामने बिजली का ट्रांसफार्मर लगवाना चाहते थे, जिसका परिवार ने विरोध किया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार की तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे। घटना के बाद खंडार रोड इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दबंगों की ऐसी हरकतें पहले भी सामने आती रही हैं, लेकिन इस बार मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद चर्चा में आ गया है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

बुलंदशहर में सीएनजी स्टेशन पर लगी आग

पंप कर्मियों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा, फायर स्टेशन से 50 मीटर दूरी पर दुर्घटना

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, बुलंदशहर के जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सीएनजी स्टेशन पर अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसा उस समय हुआ जब पेट्रोल पंप पर खड़े लोग अचानक आग की लपटों को देख, घबराकर मौके से भाग खड़े हुए। आग लगने की सूचना मिलते ही पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने अपनी सूझबूझ से स्थिति को नियंत्रित किया और महज 2 से 3 मिनट में आग पर काबू पा लिया। आग सीएनजी कम्प्रेशर के पास लगे बिजली के बोर्ड में शार्ट सर्किट के कारण लगी थी। पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने सबसे पहले पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की मशीनों को इमरजेंसी स्टॉप से बंद कर दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। इसके बाद पेट्रोल पंप पर लगे अग्निशमन यंत्रों से आग बुझा दी गई। यह घटना जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र से सिर्फ 100 मीटर की दूरी और अग्निशमन विभाग से महज 50 मीटर की दूरी पर हुई। गनीमत रही कि पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई की, वरना हाईवे पर स्थित इस पेट्रोल पंप पर आग से बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोग जो पेट्रोल व सीएनजी भरवाने आए थे, उन्होंने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। हालांकि, अब हालात पूरी तरह सामान्य हो गए हैं। पेट्रोल पंप के मालिक डॉ अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि सीएनजी कम्प्रेशर के पास लगे बिजली के बोर्ड में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग लगते ही पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने बड़ी ही सूझबूझ का परिचय दिया। सबसे पहले पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की मशीनों को इमरजेंसी स्टॉप से पूरी तरह बंद करके बड़े खतरे को टाल दिया गया।

इसके बाद तुरन्त पेट्रोल पंप पर लगे अग्निशमन यंत्रों से 2 से 3 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया गया।

संक्षेप

भभौरा में दो वर्षीय बच्चे में मिले डेंगू के लक्षण

परिजनों ने बच्चे को हैलट में कराया भर्ती

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। ग्राम पंचायत जलाला के मजरा भभौरा के एक दो वर्षीय बच्चे में डेंगू के लक्षण पाए जाने पर उपचार के लिए कानपुर के हैलट में भर्ती कराया गया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह ने बताया कि भभौरा निवासी अवधेश कुटार के दो वर्षीय पुत्र रियान की बुखार से हालत बिगड़ने पर शनिवार को देर शाम सदर अस्पताल ले जाया गया। बच्चे की हालत देखकर डॉक्टरों ने उसे कानपुर रेफर किया। कानपुर में सुबह हुई जांच के बाद उसमें डेंगू के लक्षणों की पुष्टि हुई है। बच्चे का हैलट में उपचार चल रहा है। बच्चे में डेंगू के लक्षणों की पुष्टि होने पर लोगों में दहशत पैदा हो गई है। गांव निवासी पूर्व प्रधान नयन सिंह वर्मा, साहिबलाल आदि ने गांव में छिड़काव कराने की मांग की है। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराकर छिड़काव के साथ दवा वितरण की मांग की है।

एसडीएम सदर ने देखी गायत्री तपोभूमि वर्षगांठ की व्यवस्थाएं

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। आगामी 5 दिसंबर से श्री गायत्री तपोभूमि की वर्षगांठ शुरू होने की तैयारियों का एसडीएम सदर ने नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी के साथ तपोभूमि प्रांगण का भ्रमण किया और साफ सफाई, पानी, बिजली आदि की व्यवस्थाएं पुख्ता करने के निर्देश दिए। शनिवार को देर शाम एसडीएम पवन प्रकाश पाठक ने नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी दिनेश आर्य के साथ मिलकर तपोभूमि प्रांगण के मेला मैदान, कथा स्थल के साथ यज्ञवेदी आदि का भ्रमण करके प्रांगण में साफ सफाई, पानी, बिजली के साथ अलाव आदि की व्यवस्था पुख्ता करने का निर्देश दिए। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नवल किशोर शुक्ला, योगेश गुप्ता योगी आदि मौजूद रहे।

यू.पी. जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ललितपुर तहसील का गठन

संरक्षक बने कन्हैया लाल विश्वकर्मा, अध्यक्ष धर्म सिंह कुशवाहा, महामंत्री चंदन अहिरवार, उपाध्यक्ष सुधीर मिश्रा, मंत्री द्वारिका प्रसाद रैकवार सर्वसम्मति से मनोनीत

अमन लेखनी समाचार

ललितपुर/नगर मुख्यालय अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन मैं यू०पी० जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन किया गया

संगठन की बैठक शिखर चंद्र जैन की अध्यक्षता एवं सुरेश प्रकाश कोंते व सुरेंद्र पस्तोर के मुख्य आतिथ्य में आयोजन की गई अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया बैठक मैं सभी ने अपना परिचय देते हुए संगठन को एक मजबूत और सक्रिय सदस्यों को संगठन मैं शामिल करने का निर्णय लिया। यू०पी०जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ललितपुर के जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया उपजा संगठन एक राष्ट्रीय संगठन है जिसकी समस्त प्रदेश और जिलों मैं इकाइयां गठित है जिला मैं यह संगठन एक विशाल बट वृक्ष की तरह मजबूत और सक्रिय संगठन होगा जो पत्रकारों के हित की हमेशा लड़ाई लड़ता रहेगा। इसी क्रम में सुरेश प्रकाश कोंते ने पत्रकारों को संगठित रहने की बात कही इसी क्रम में सुरेंद्र पस्तोर ने कहा की पत्रकारों का उत्पीड़न नहीं सहा जाएगा पत्रकारों पर आई विपत्ति का सामना हम सब संगठित रहकर करेंगे। अजय तोमर ने ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार साथियों से जुड़ने का आह्वान किया वही अध्यछीय उद्बोधन में शिखर चंद्र जैन ने पत्रकारों के मान सम्मान की बात कही उपजा संगठन में हम सभी पत्रकारों को जुड़ना चाहिए सभी बक्ताओ के उद्बोधन के पश्चात ललितपुर तहसील इकाई के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई जिसमें सर्वसम्मति से ललितपुर तहसील संरक्षक कन्हैया लाल विश्वकर्मा, अध्यक्ष धर्म सिंह कुशवाहा, महामंत्री पद पर चंदन अहिरवार, उपाध्यक्ष पद पर सुधीर मिश्रा, मंत्री पद पर द्वारका प्रसाद रैकवार का चयन किया गया। जिला कार्यकारिणी सहित समस्त पत्रकारों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं प्रेषित की बैठक में सुरेश प्रकाश कोंते, जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र पस्तोर गुड्डू, जिला महामंत्री मनोज कुमार तिवारी, जिला महामंत्री अजय प्रताप तोमर, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिखर चंद्र जैन, जिला मंत्री रामरतन राय, धर्म सिंह कुशवाहा, वृंदावन कुशवाह, कमलेश विश्वकर्मा, जितेंद्र यादव, सुधीर मिश्रा बंटी, चंदन सिंह अहिरवार, द्वारका पर प्रसाद रैकवार, इंद्रपाल सूर्यवंशी, सौरभ सोनी, कन्हैया लाल विश्वकर्मा लल्लू राम शर्मा, गोपाल सोनी आदि मौजूद रहे बैठक का संचालन जिला महामंत्री मनोज कुमार तिवारी ने किया तो वही सभी का आभार जितेंद्र यादव ने जताया।

दिखने लगा है गोमती मित्रों का काम, सुंदर लगने लगा है सीताकुंड धाम

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर पिछले कई वर्षों से लगातार हो रहे प्रयास का परिणाम अब सीताकुंड धाम पर दिखने लगा है, हर तरफ स्वच्छता, बड़े पेड़ों की छाया, मां गोमती के तट तक लोग आराम से पहुंच सकें इसकी पूरी व्यवस्था और यही वजह है की अब सीताकुंड धाम जनपद के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में नंबर एक पर रहने लगा है, हर रविवार शाम होने वाली आरती में उमड़ने वाला जन सैलाब आरती में शामिल होने के साथ-साथ हफ्ते के छः दिनों की व्यस्तता के बाद सुकून की तलाश में सीता कुंड धाम तक खिंचा चला आता है, प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह व वरिष्ठ पदाधिकारी राकेश सिंह दद्दू संयुक्त रूप से बताते हुए गौरवान्वित होते हैं की इतने वर्षों की अथक मेहनत के बाद अब कुछ सुकून महसूस होता है लेकिन अभी विश्राम का नहीं गतिमान रहने का समय है क्यूंकि मुख्य लक्ष्य है मां गोमती की निर्मल धारा,, रविवार साप्ताहिक श्रमदान के दिन गोमती मित्रों ने दो घंटे तक मेहनत करके पूरे धाम को साफ सुथरा किया और शाम की आरती की भी तैयारी पूरी की,, मुख्य आकर्षण था तीन वर्ष का बच्चा विराज मौर्या जो रामायण के गिलहरी के पात्र को चरित्रार्थ करते हुये इधर उधर गिरी पन्नीयों को उठा रहा था, श्रमदान में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, राकेश मिश्रा, मुन्ना सोनी, मुन्ना पाठक, राकेश सिंह दद्दू, विकास शर्मा, महेश प्रताप, विधायक जी, मौर्या जी, सतेंद्र कल्लू फौजी, रामकुमार मौर्या, अभय, अर्पित, संतोष सैनी, श्याम मौर्या, विराज मौर्या आदि उपस्थित रहे।

15 दिसम्बर तक चुने जायेंगे मण्डल अध्यक्ष-अवधेश पांडेय

अमन लेखनी समाचार

गौरीगंज अमेठी। भारतीय जनता पार्टी जनपद अमेठी के अंतर्गत मंडल चुनाव कार्यशाला गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर संपन्न हुई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि जिला चुनाव अधिकारी अवधेश पाण्डेय रहे। जिला अध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र ने कार्यशाला में मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कार्यशाला की रूपरेखा पर प्रकाश डाला मुख्य अतिथि अवधेश पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों का चुनाव सभी मंडल चुनाव अधिकारी 15 दिसंबर तक कर लेंगे मंडल अध्यक्ष के चुनाव में जो समर्पित पूर्व में पदाधिकारी दो बार से सक्रिय सदस्य एवं पदाधिकारी रहा हो वही मंडल अध्यक्ष के लिए नामांकन कर सकता है। मंडल अध्यक्ष बनाने के लिए सभी वर्गों का समावेश एवं सभी वर्गों से अच्छे कार्यकर्ता चुनकर आए चुनाव अधिकारी इसका भी ध्यान रखेंगे मंडल अध्यक्ष 45 साल की उम्र का ही बनेगा जो लगातार दो बार मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं वह मंडल अध्यक्ष तीसरी बार नहीं बनेगा मंडल अध्यक्ष सभी वरिष्ठ एवं कार्यकताओं की आम सहमति एवं सर्वसम्मत से चुना जाएगा मंडल अध्यक्ष के चुनाव में सभी कार्यकर्ता सभी वरिष्ठ कार्यकताओं का समावेश होना आवश्यक है प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ला ने किया कार्यशाला में प्रमुख रूप से काशी प्रसाद तिवारी क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा उमाशंकर पांडेय पूर्व जिला अध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित, राकेश त्रिपाठी सुरेश तिवारी काली भगत सिंह गिरीश चंद्र शुक्ला प्रवीण सिंह राकेश सिंह अंजनी सिंह डब्बू अशोक मौर्य मनोज जायसवाल प्रभात शुक्ला उमा रमन सिंह भागीरथी मौर्य श्रीमती आशा बाजपेई शंकर बख्श सिंह महेंद्र मिश्रा मनोज तिवारी जयप्रकाश तिवारी पंकज अवस्थी गौरव श्रीवास्तव अजय द्विवेदी राजकिशोर पांडे अनिल सिंह, घनश्याम चौरसिया संतोष द्विवेदी अजय सिंह अरुण मिश्रा राजा सूर्य नारायण तिवारी महेश प्रताप सोनकर भानु सोनकर रणवीर सिंह विकास मौर्य नीलम भारती सहित सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय जीवन कौशल व नेतृत्व विकास पर किशोरियों का हुआ प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। समर्थ फाउंडेशन द्वारा ब्लॉक संभागार कुरारा में तीन दिवसीय जीवन कौशल व नेतृत्व विकास पर किशोरियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में तरंग कार्यक्रम से जुड़ी लीडर्स युवतियों ने प्रतिभाग किया। ब्लॉक प्रमुख कुरारा आशीष पालीवाल ने कहा कि सरकार की तमाम योजनाएं किशोरियों युवतियों की लिए संचालित है जिसके लिए लोगों को जागरूक होना होगा। ब्लॉक प्रमुख कुरारा आशीष पालीवाल द्वारा सभी प्रतिभागियों को संविधान की उद्देशिका और प्रमाणपत्र वितरित किए। इस दौरान समर्थ फाउंडेशन के देवेन्द्र गाँधी ने उन्हे संविधान की उद्देशिका और पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। और प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी कुरारा विपिन गुप्ता ने किशोरियों से कहा कि वह अपनी ताकत को पहचाने, क्षमताओं को लगातार विकसित करते रहे। आपने मौलिक अधिकारी और कर्तव्यों को समझे वही सरकार हर कदम उनके साथ है। अपनी शिक्षा जारी रखे और स्किल को बढ़ाएप्रशिक्षण कार्यक्रम की रिसोर्स परसन सुनीता सिंह सहयोग ने वीडियो फिल्म और समूह गतिविधियों के माध्यम से नेतृत्व विकास, क्षमताओं को बढ़ाना, संगठन, युवतियों के संवैधानिक अधिकारों पर जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि अपनी बात बेबाकी से रखने से लिए संचार को प्रभावी बनाना होगा। कानाफूसी खेल के माध्यम से बताया कि संचार में दो तरफा आदान प्रदान जरूरी है। अपनी बात बेबाकी से रखने के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है। लेकिन दूसरों की भावनाओं व संवैधानिक अधिकार को ध्यान में रखना है। साथ साथ दूसरी के द्वारा बात को भी सुनने की आदत डाले। समर्थ फाउंडेशन से तरंग लीडर्स नम्रता, मोहिनी, आकांक्षा, शालू, आरती, नेहा, अंजली, आसनी, काजल, शिवांगी गौतम, पलक, निर्मला, शिखा, गुड़िया देवी, प्रांशी सहित अन्य लीडर्स किशोरियों युवतियां उपस्थित रही।

बांग्लादेशी हिंदू रक्षा समिति के तत्वाधान में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस

अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित

हमीरपुर। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हिंदू सामाजिक संगठनों के द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन एवं विरोध प्रदर्शन हेतु केशव कुंज संघ कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गई सभी हिंदू संगठन एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेंगे इसके बाद अंबेडकर पार्क में एक सभा भी आयोजित होगी जिला प्रचारक धनंजय जी ने सभी हिंदू सामाजिक संगठनों से विरोध प्रदर्शन में शामिल होने का आवाहन किया भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक ने पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को आने की अपील की इसी क्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष रामदत्त पांडे नगर उपाध्यक्ष विहिप उमेश दीक्षित ने सभी सामाजिक धार्मिक संगठनों से बड़ी संख्या में आने का आग्रह किया उक्त कॉन्फ्रेंस में हिंदू रक्षा समिति से सरस्वती शरण द्विवेदी यतीश जी जिला संघ चालक शारदादीन जिला प्रचार प्रमुख भारत सिंह प्रमुख रूप से कार्यक्रम में शामिल रहे।

05 दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के सहयोग से बीएमसी का किया गया पुर्नसंचालन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी दुग्धशाला विकास विभाग द्वारा जनपद के विकास खण्ड जामों में लगभग एक दशक से बन्द बी०एम०सी० जगेसरगंज का पुर्नसंचालन आज 01 दिसम्बर 2024 से 05 दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के सहयोग से प्रारम्भ किया गया। क्षेत्र के पूर्व विधायक तेजभान सिंह द्वारा बी०एम०सी० जगेसरगंज का उद्घाटन किया गया तथा मौके पर उपस्थित दुग्ध समिति के सचिवगण, दुग्ध उत्पादकों को सम्बोधित करते हुए सहकारिता पर बल देते हुए अधिकाधिक दुग्ध उपार्जन किये जाने का मंत्र दिया गया। इस दौरान उपरोक्त समारोह में दुग्धशाला विकास विभाग के जनपद अमेठी में कार्यरत स्थानीय प्रभारी सुनील कुमार सिंह, विपणन प्रभारी एस०के० सिंह, बी०एम०सी० संचालक धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, बी०एम०सी० के प्रेरणा स्त्रोत एवं स्थानीय पोस्ट मास्टर सतेन्द्र प्रताप सिंह सहित क्षेत्र पर्यवेक्षक हरिकेश व डेयरी के इंजीनियर कुलदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री के निर्देश से जल्द ग्रीन हाइवे बनने की उम्मीद जगी

लखनऊ आए केंद्रीय मंत्री ने जल्द डीपीआर पूर्ण करने के दिये निर्देश

चार जिलों के 96 गांवों से गुजरेगा ग्रीन हाइवे

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे की तरह कानपुर के रमईपुर से महोबा के कबरई तक बनने वाले 112 किमी लंबे ग्रीन हाईवे की डीपीआर जल्द पूर्ण करने की निर्देश केंद्रीय परिवहन सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के देने के बाद अब इस बहुप्रतीक्षित हाईवे के बनने के आसार दिखने लगे हैं। यह ग्रीन हाईवे कानपुर नगर, फतेहपुर, हमीरपुर व महोबा के 96 गांवों के समीप से गुजरेगा। इससे इन गांवों के विकास की उम्मीद जगने लगी है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2021 में कानपुर सागर हाईवे के समानांतर कानपुर के रमईपुर के रिंग रोड से महोबा के कबरई कस्बे तक ग्रीन हाईवे बनाने की घोषणा की थी। तब से लोग इसके निर्माण की आस लगाए हुए हैं। इसके निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सर्वे भी कराया था। यह ग्रीन हाईवे कानपुर नगर, फतेहपुर, हमीरपुर व महोबा के 96 गांवों के समीप से गुजरेगा। जब जब केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी कानपुर अथवा लखनऊ आए हैं तो इस ग्रीन हाईवे का अपने भाषण में अवश्य जिक्र किया है। इसी तरह जब वह शनिवार को लखनऊ एक कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए आए थे तो उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में इस ग्रीन हाईवे की डीपीआर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को दिए हैं। इससे अब उम्मीद जगी है कि जल्द ही इस ग्रीन हाईवे के बनने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा। इस मार्ग के बनने से कानपुर से सीधे मुंबई पहुंचने का सुलभ मार्ग प्रशस्त होगा और कानपुर सागर मार्ग में यातायात का लोड कम होगा। साथ ही कानपुर सागर मार्ग में भारी वाहनों की आवाजाही कम होने से दुर्घटनाओं में अंकुश लगेगा। मौजूदा समय में यह मार्ग कबरई से कानपुर तक खूनी हाईवे के रूप में जाना जाता है। इसमें प्रतिदिन घटनाएं होती हैं। ग्रीन हाईवे बनने से मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, तमिलनाडु आने जाने वाले वाहनों चालकों को सीधा मार्ग सुलभ हो जाएगा। अभी कानपुर सागर हाईवे से कबरई हमीरपुर से प्रतिदिन करीब 30 हजार ट्रक गिट्टी बालू लेकर गुजरते हैं। ग्रीन हाइवे के बन जाने से इन सभी ट्रकों का इस मार्ग से आना-जाना बंद हो जाएगा। यह सीधे ग्रीन हाईवे से कानपुर, लखनऊ, बलिया, बहराइच आदि जगहों को चले जाएंगे। साथ ही पतारा, रमईपुर, घाटमपुर, सजेती, हमीरपुर, सुमेरपुर, कबरई आदि जगहों पर आए दिन लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी।

अमेठी: दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे मारपीट का वीडियो आया सामने

गायब मोबाइल ढूंढता हुआ पहुंचा था युवक

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में मामूली विवाद के बाद दो पक्षों में महासंग्राम हो गया। जिसके बाद देखते ही देखते दोनों पक्षों के दर्जनों लोगों में लात घूंसे और लाठी डंडे चलने लगे। पूरी घटना का वीडियो सामने आया है। फिलहाल किसी भी पक्ष द्वारा थाने में तहरीर नही दी गई। वीडियो के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

दरअसल ये पूरा मामला कमरौली थाना क्षेत्र के यूपीसीडा कालोनी का है। जहां बीती रात एक व्यक्ति के यहां वैवाहिक कार्यक्रम था। कार्यक्रम में एक युवक अपना गायब हुआ मोबाइल ढूंढता हुआ पहुंचा। जिसके बाद तू-तू मैं-मैं शुरू हो गई। कुछ देर बाद युवक ने अपने परिजनों समेत कई साथियों को मौके पर बुलवाया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में महा संग्राम शुरू हो गया। जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे और लात घूसे चलने लगे।

पूरी घटना का वीडियो आया सामने

आने के बाद किसी भी पक्ष द्वारा अभी तक थाने में तहरीर नहीं दी गई है। वीडियो के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पूरे मामले पर कमरौली एसओ अभिनेष कुमार ने कहा कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन से औद्योगिक विकास को मिलेगी रफ्तार, योगी सरकार ने बनाया प्लान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के जरिए औद्योगिक विकास को गति देने की मंशा से प्रदेश सरकार ने एक फंड बनाने की पहल की है। इस फंड का उपयोग कर औद्योगिक क्लस्टर, पार्क और जोन विकसित किए जाएंगे। इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति का भी गठन किया गया है।

औद्योगिक विकास विभाग ने जारी किया गाइडलाइन

औद्योगिक विकास विभाग द्वारा इस संबंध में हाल ही में जारी गाइडलाइन में साफ किया गया है कि इस मिशन का उद्देश्य प्रदेश सरकार के वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना है। अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत औद्योगिक पार्क, क्लस्टर व जोन का विकास व उन्हें अपग्रेड किया जाएगा।

रेगुलेशन की प्रक्रियाओं का होगा सरलीकरण

रेगुलेशन की प्रक्रियाओं का सरलीकरण कर ईज आफ डूइंग बिजनेस में भी सुधार किया जाएगा। औद्योगिकीकरण को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ संतुलित क्षेत्रीय विकास पर फोकस किया जाएगा। मिशन के तहत सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरण आवेदन के पात्र माने जाएंगे।

नई सड़कें, पार्क, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाया जाएगा

प्राधिकरण मेगा फूड पार्कों के लिए बाढ़ सुरक्षा उपाय, अपग्रेडेशन, रिहैबिलिटेशन, नई सड़क, एक्सप्रेसवे, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण व अपग्रेडेशन कराएंगे। बिजली क्षेत्र की आधारभूत संरचना का विकास, लाजिस्टिक व परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर भी इसके दायरे में आएंगे। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटी) का निर्माण और अपग्रेडशन भी इसके तहत हो सकेगा।

औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में कमेटी

औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी परियोजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करेगी। वहीं, औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव नोडल अधिकारी के रूप में परियोजना प्रस्तावों का मूल्यांकन करेंगे। समिति में वित्त विभाग के प्रमुख सचिव-सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के सचिव व विशेष सचिव को भी जगह दी गई है।

जिलास्तरीय जनजागरण मासिक महाआरती क्रम सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के सयुंक्त तत्वावधान में हर माह की भांति इस माह भी हमीरपुर के पातालेश्वर महादेव मंदिर में जिलास्तरीय जनजागरण मासिक महाआरती क्रम समपन्न हुई महाआरती के प्रारंभ में मां गुरूवर के जयकारे शिवाय शिवहरे व चाहत गुप्ता ने लगवायें! इसके पश्चात माताभगवती आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बा व योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज की पावन आरती क्रम समपन्न हुई! महाआरती में उपस्थित जनसमुदाय को भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिला उपाध्यक्ष लालाराम यादव ने बताया कि समाज को नशामुक्त, मांसाहार मुक्त, एवं चरित्रवान बनाना है तभी समाज में सुख शांति आयेगी। पार्टी के युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह गौतम ने बताया कि जीवन में सद्गुरु का और सेवाभाव का बड़ा महत्व है। अंत में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष चुनूबाद कुशवाहा ने कहा कि गुरूवर का अगला महत्वपूर्ण शिविर 8-9 फरवरी 2025 को जिला डिंडोरी (मध्यप्रदेश) में होने जा रहा है जिसमें एक लाख से अधिक लोग शामिल होगें अतः आप लोग शिविर में अवश्य पहुंचे और माँ गुरूवर का आशीर्वाद प्राप्त करें! संचालन भारतीय शक्ति चेतना पार्टी किसान मोर्चा की प्रदेश सचिव सन्नो शिवहरे ने किया! महाआरती में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया! सभी को शक्ति जल व प्रसाद वितरण किया गया।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत दिनों-दिन नई ऊंचाइयां छू रहा है। आने वाले वर्षों में एक के बाद एक अपने देश के कई महत्वपूर्ण और गगनयान जैसे महत्वाकांक्षी स्पेस प्रोजेक्ट्स को अंजाम दिया जाएगा। लेकिन इससे भी पहले अगले वर्ष की शुरुआत में भारत के दूसरे गगनयात्री स्पेस में जाने वाले हैं। कैसी होगी यह यात्रा, क्या है इसका महत्व, आप भी जानिए।

गगनयान मिशन से पहले स्पेस में जाएगा गगनयात्री

गगनयान लॉन्चिंग रॉकेट एचएलवीएम 3

प्रस्तावित गगनयात्री शुभांशु शुक्ला (दाएं) के साथ प्रशांत बालकृष्ण नायर (वैकल्पिक)



स्पेस मिशन की तैयारी में जुटे वैज्ञानिक

कवर स्टोरी

लोकमित्र गौतम

अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत लगातार इतिहास रच रहा है। चंद्रयान-3 और आदित्य मिशन की सफलता के बाद इसरो ने छोटे सैटेलाइट लांच करने के लिए एसएसएलवी-डी 3 का तीन बार सफल प्रक्षेपण करके, जहां सैटेलाइट लांचिंग बाजार में खुद को एक बड़े खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है, वहीं आगामी मार्च-अप्रैल-2025 में कैप्टन राकेश शर्मा के बाद दूसरी बार अंतरिक्ष यात्रा के लिए किसी भारतीय के रूप में विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला अपने वैकल्पिक साथी ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्ण नायर के साथ अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिलहाल तो भारत ही नहीं, चीन और हमारे दूसरे अंतरिक्ष प्रतिद्वंद्वियों की नजरों में तो भारत का दूसरा अंतरिक्ष यात्री ही है, जो हमारे आगामी महत्वाकांक्षी मिशनों के लिए पूरी तैयारी के साथ अंतरिक्ष स्टेशन की रेकी करने के लिए जा रहा है।

आगे हैं कई मिशनः कुछ दिनों पहले इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने अपने एक इंटरव्यू में यह भी कहा है कि इसरो का अगला मून मिशन चंद्रयान-4 है, जो शिव शक्ति बिंदु से पृथ्वी पर चंद्रमा के कुछ महत्वपूर्ण नमूने लेकर आएगा। लेकिन इस अभियान का हमारा अंतिम शिखर तो गगनयान मिशन ही होगा, जिसमें भारत अपनी ही तकनीक और अपने ही राकेट से अपने चार गगनयात्रियों यानी एस्ट्रोनॉट्स को अंतरिक्ष में भेजेगा। इसके कुछ सालों बाद भारत का कोई अंतरिक्ष यात्री चांद की सरजमी पर भी उतरेगा।

हमारा आगामी एक मिशन 'जीवन' है, जो वास्तव में एक अनमैन क्रू मिशन होगा, जिसकी तैयारी लगभग हो चुकी है। इसमें व्योम मित्रा का एक्टिव मॉडल स्पेस ऑर्बिटल में भेजेंगे, साथ ही उसे वापस भी लाना है।

नासा के साथ ज्वाइंट स्पेस प्रोजेक्टः वास्तव में आज इसरो और नासा के संयुक्त मिशन के तहत भारत का जो गगनयात्री या एस्ट्रोनॉट, इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जा रहा है, उसके संबंध में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाईडेन ने काफी पहले संयुक्त घोषणा कर दी थी। इसके बाद ही दोनों देशों की स्पेस एजेंसियों ने इस पर काम करना शुरू किया था। कई महीनों की तैयारियों और प्रशिक्षण के बाद भारत की तरफ से इस अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए अंतिम रूप से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर को चुना गया है, जिसमें पहली च्वाइस ग्रुप कैप्टन शुक्ला हैं। कोई अप्रत्याशित रुकावट होने पर कैप्टन नायर रिजर्व गगनयात्री होंगे। इन दो का चयन इस मिशन की सहायक और नासा द्वारा मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता कंपनी 'एक्सिओम स्पेस इंक' की मदद से किया गया है।



व्योम मित्र

इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र ने, आईएसएस 'इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन', के लिए अपने चौथे मिशन में जुटी अमेरिका की एक्सिओम स्पेस इंक के साथ एक अंतरिक्ष उड़ान समझौता किया है। यही एक्सिओम स्पेस इंक इस मिशन को व्यावहारिक रूप से अमली जामा पहना रही है, यह इसका चौथा स्पेस मिशन है।

इसलिए जा रहे हैं गगनयात्रीः जहां तक मौजूदा गगनयात्री मिशन की बात है तो इसके बारे में एस. सोमनाथ कहते हैं, 'आजकल अमेरिका में ज्यादातर अंतरिक्ष मिशन प्राइवेट एजेंसियों के जरिए ही अंजाम दिए जाते हैं। नासा इन एजेंसियों के जरिए ही अपने वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष स्पेस स्टेशन में भेजता है, जिसके लिए इन एजेंसियों को भुगतान करना होता है। हम भी इस मिशन के लिए एजेंसी को अपने हिस्से का भुगतान कर रहे हैं।' हालांकि हमारे इस मिशन पर अतिरिक्त खर्च को लेकर कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं, इनका कहना है कि जब हमें जल्द ही अपने गगनयान मिशन को अंजाम देना है, तो फिर हम गगनयात्री मिशन के तहत भारतीय एस्ट्रोनॉट को किसी एजेंसी के माध्यम से क्यों भेज रहे हैं? इस पर इसरो चीफ कहते हैं, 'अभी हम उस उच्च तकनीकी की दिशा में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन अभी गगनयान मिशन पूरा हुआ नहीं है। ऐसे में क्या बुरा है कि हम कुछ पैसे खर्च करके अतिरिक्त कुशलता हासिल कर लें? गगनयात्री मिशन में जो एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष में जा रहे हैं, उनके अनुभवों का हमें अपने मिशन में काफी फायदा होगा।' कुल मिलाकर देखें तो गगनयान मिशन के पहले हमारा गगनयात्री एक तरह से अपने मिशन को कुशलता से अंजाम देने के लिए रेकी करने के मिशन पर है।

बहुत उपयोगी होगा यह मिशनः यह गगनयात्री मिशन कोई टूरिस्ट मिशन नहीं होगा, यह वास्तव में एक साइंटिफिक मिशन होगा। इस बारे में डॉ. एस. सोमनाथ कहते हैं, 'यह एक साइंटिफिक मिशन होगा। इसलिए इसकी ट्रेनिंग भी बेहद महत्वपूर्ण है। इस मिशन के दौरान एक दो नहीं बल्कि 5 महत्वपूर्ण साइंटिफिक प्रयोग किए जाएंगे, जिनमें इसरो और नासा के ये एस्ट्रानॉट भाग लेंगे। निःसंदेह इससे हमें अनुभव होगा कि वहां कैसे एक्सरपेरिमेंट करने हैं, जीरो ग्रेविटी में कैसे काम करना है और कैसे विपरीत स्थितियों से निपटना है। ये सभी महत्वपूर्ण जानकारियां हमें गगनयात्री मिशन से मिलेंगी, जिसका फायदा हमें अपने गगनयान अभियान में भी मिलेगा।' डॉक्टर सोमनाथ यह भी कहते हैं, 'चूंकि हमारे गगनयान मिशन की तैयारियां पिछले कई वर्षों से जोरों पर चल रही हैं, ऐसे में हमारे दो गगनयात्रियों को तीन महीने तक अमेरिका में जो गहन ट्रेनिंग मिल रही है, वह भी हमारे बहुत काम आएगी। हमारी कुशलता को यह ट्रेनिंग अतिरिक्त धार देगी।'

लब्बोलुआब यह है कि गगनयात्री मिशन ना केवल हमारे आने वाले बहुप्रतीक्षित और महत्वपूर्ण स्पेस मिशनों को अपने अनुभव से समृद्ध करेगा बल्कि यह अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में भी एक मील का पत्थर साबित होगा। *

भारत के पहले अंतरिक्षयात्री



गौरतलब है कि इससे पहले 3 अप्रैल, 1984 को भारत की तरफ से तब इतिहास रचा गया था, जब स्क्वाड्रन लीडर राकेश शर्मा ने सोवियत रूस के एक रॉकेट पर अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी थी और इस तरह वह भारत के पहले गगनयात्री बने थे। राकेश शर्मा सोवियत अंतरिक्ष स्टेशन पर 7 दिन और 21 घंटे तक रहे थे। अंतरिक्ष यात्री के रूप में उनका चयन रवीश मल्होत्रा के साथ हुआ था। मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस ने इन दोनों का चयन किया था कि उनमें से ही कोई एक हिंदुस्तान का पहला एस्ट्रोसनॉट बनेगा। अंत में राकेश शर्मा को देश के पहले अंतरिक्ष यात्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ।

अब टाटा समूह देश में ही बनाएगा बड़ा अत्याधुनिक सैन्य परिवहन विमान सी-295। किसी निजी क्षेत्र द्वारा की गई यह शुरुआत देश के पूरे वैमानिकी के परिदृश्य को बदल देगी। सी-295 के निर्माण से क्या-क्या बदलेगा, इसकी खूबियों, वर्तमान और भविष्य पर एक नजर।

सी-295 से हुई शुरुआत विमान निर्माण में होगी क्रांति

नई उपलब्धि

संजय श्रीवास्तव

वर्ष 1960 में अपनी पहली उड़ान भरने और 1961 से भारतीय वायुसेना की सेवा में लगा ब्रिटेन और एचएएल निर्मित एवरो एचएस-748, अब धीरे-धीरे विदा लेगा। उसकी जगह ले रहा है, एयरबस का सी-295। अब गुजरात के वडोदरा में सी-295 विमान बनाने के लिए टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड या टीएएसएल का प्लांट शुरू हो गया है। फिलहाल यह संयंत्र एयरबस डिफेंस एंड स्पेस कंपनी के सहयोग से ऐसे 40 विमान बनाएगा।

2022 में हुई शुरुआतः वास्तव में वर्ष 2012 में रतन टाटा ने इस दूरदर्शी परियोजना की परिकल्पना की थी। यह फलीभूत तब हुई, जब भारत सरकार ने सितंबर 2021 में स्पेन के साथ 56 सैन्य परिवहन विमान सी-295 खरीदने का सौदा 21,935 करोड़ रुपए में किया। तय हुआ था कि 16 विमान स्पेन के सेवले स्थित एयरबस कंपनी हमें उड़ने के लिए तैयार हालत में देगी और बाकी 40 हम उसके सहयोग से खुद बनाएंगे। 2022 के अक्टूबर में इसके निर्माण हेतु इस संयंत्र की नींव पड़ी। अब प्रधानमंत्री के उद्घाटन के बाद जब रतन टाटा नहीं हैं, नोएल टाटा के नेतृत्व में कंपनी देश में निजी क्षेत्र के पहला समूचा और अति उन्नत कार्गो हवाई जहाज बनाने के लिए कमर कस चुकी है। टीएएसएल अगस्त 2031 की आखिर तक वायुसेना को सभी 40 विमान बनाकर सौंप देगा। इसके बाद 25 वर्षों तक भारतीय वायुसेना के इन विमानों की देखरेख का ठेका भी उसी ने ले रखा है।

देश का बढ़ेगा वर्चस्वः टीएएसएल और एयरबस मिलकर देश में कई तरह के विमान बनाएंगे। इनमें युद्धक, मालवाहक और यात्री विमान शामिल होंगे। इससे विमान निर्माण के क्षेत्र में बनने वाला परिदृश्य साबित करेगा कि मेक इन इंडिया के साथ 'मेड फॉर द ग्लोब' और आत्मनिर्भर भारत के रास्ते पर हम तेजी से बढ़ चले हैं। जल्द ही यूरोपीय और अमेरिकी वर्चस्व वाले एयरोस्पेस मार्केट में भारत का दखल बढ़ेगा। विदेश से आयात पर निर्भरता कम होगी और देश में निर्माण क्षमता को बढ़ावा मिलेगा तो भविष्य में यहां से विमानों के निर्यात के अवसर बनेंगे। रक्षा निर्यात में भारत की स्थिति और मजबूत बनेगी। दुनिया की बड़ी विमान कंपनियों के लिए हमारे देश कलपुर्जे बनते ही हैं पर इस नए विमान सी-295 के लिए 18 हजार कलपुर्जे यहीं बनेंगे और आगे चलकर घरेलू मांग बढ़ेगी तो नए कौशल और नए छोटे, मंझोले उद्योगों को फायदा पहुंचेगा। टाटा कंसोर्टियम ने सात राज्यों से काम कर रहे सवा सौ से अधिक इन-कंट्री एमएसएमई आपूर्तिकर्ताओं को काम देने का जो फैसला किया है, वह देश के एयरोस्पेस के क्षेत्र में रोजगार बढ़ाएगा। यह संयंत्र ही 3000 से अधिक लोगों को नौकरी देने वाला है तो, 15,000 से ज्यादा अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी।

सी-295 विमान की खासियतेंः सी-295 के नाम में 'सी' स्पेनिश कंपनी कासा यानी सीएएसए का पहला अक्षर है। यह अब एयरबस में विलय हो चुकी है। '2' बताता है इसमें दो इंजन हैं और '95' उसकी भार वहन क्षमता दर्शाता है। 90 के दशक में यह विकसित हुआ था। 28 नवंबर 1997 को इसने पहली उड़ान भरी थी। विमान की लंबाई 80.3 फीट, डैनों का विस्तार 84.8 फीट, ऊंचाई 28.5 फीट है। क्रू केबिन में टचस्क्रीन कंट्रोल के साथ स्मार्ट कंट्रोल सिस्टम है। यह महज 320 मीटर की दूरी में टेक-ऑफ और 670 मीटर की दूरी में लैंडिंग कर सकता है। यह एक बार में 71 सैनिक या 9 टन वजन के साथ 482 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से लगातार 11 घंटे तक उड़ान भर सकता है। दो प्रैट एंड व्हिटनी टर्पोप्रॉप इंजन के सहारे यह 30 हजार फीट तक ऊंचाई पर जा सकता है। डैनों के नीचे 6 ऐसी जगहें हैं, जहां हथियार और बचाव प्रणाली लगाई जा सके। इसके इनबोर्ड पाइलांस में 800 किलो के हथियार लगा सकते हैं। ऑटो रिवर्स क्षमता के चलते यह 12 मीटर चौड़े रनवे पर 180 डिग्री तक मुड़ सकता है। यानी इसकी खूबियां बेमिसाल हैं। *

माना जा रहा है गेम चेंजर

फिनलैंड, पोलैंड की बर्फीली ठंड हो या अल्जीरिया और जॉर्डन का तपता रेगिस्तान, ब्राजील के जंगल हों या कोलंबिया के पहाड़, सी-295 विमान हर चुनौतीपूर्ण वातावरण में कामयाबी से काम करता है। स्पेन, इंडोनेशिया, इराक, मिस्र और अफगानिस्तान जैसे 37 देश इसे आजमा चुके हैं। इसका 'मेड इन इंडिया' और बहुउद्देशीय होना गेम चेंजर साबित होगा। हर मौसम में, रात दिन कभी भी, हर कंडीशन में विश्वसनीय सी-295, सामरिक परिवहन विमान अपनी भूमिका निभा सकता है। यह सैन्य अभियानों के दौरान भार वहन के अलावा भूकंप, बाढ़, तूफान जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी इस्तेमाल हो सकता है। 24 स्ट्रेचर और सात मेडिकल अटेंडेंट ले जाने की सुविधा के साथ यह फ्लाइंग मेडिकल क्लीनिक के तौर पर काम कर सकता है तो साथ ही 7,000 लीटर पानी के साथ उड़ान में सक्षमता के चलते जंगल की आग बुझाने के लिए एक कुशल फायर फाइटर का रोल भी निभा लेता है। यही नहीं इसे कच्चे रनवे से भी उड़ाया और उतारा जा सकता है। इसके अलावा यह विमान सुरक्षित पैराशूट ड्रॉप के लिए आवश्यक प्रावधानों से लैस है, जिसके जरिए सैनिकों और हथियारों को दुर्गम स्थानों पर आसानी से और तेजी से पहुंचाया जा सकता है। इसलिए हवाई हमले और विशेष बलों के मूवमेंट के लिए यह अत्यधिक उपयोगी है। समुद्री सीमा पर निगरानी के लिए भी यह आदर्श विमान है। सी-295 भारतीय रक्षा बलों के लिए बहुत उपयोगी है। इसीलिए इसे गेम चेंजर कहा जा रहा है।

गजल

अवतार सिंह अक्षरजीवी

खुद से झूठ बोलकर मैंने खुद को बहला रखा है
तुम अब मेरी नहीं ये सच दिल से छुपा रखा है
तुम्हारी बेवफाई की बात मैं कबूल नहीं करता
तुम मिलने आओगी, ऐसा दिल को बता रखा है
तेरे न होने पर भी मेरा दिल लग जाता है क्योंकि
तेरी तस्वीरें लगाकर मैंने दिल को सजा रखा है
तेरे पैरों में जंजीर हो तो वो अलग बात है बाकी
मैंने दिल के दरवाजे को तेरे लिए खुला रखा है
ये भी अच्छा है कि दिल की आंखें नहीं होतीं
कुछ और देखकर कुछ और उसे समझा रखा है
न साफ करने देता है, न किसी को बेचने देता है
तेरी यादों का कबाड़ दिल में बहुत-सा रखा है

कहानी / शोभा रानी गोयल

घर के बड़े बेटे की पत्नी होने का यह मतलब नहीं है कि वह अपनी खुशियों को मार दे। बस वह और उसका पति ही घर की सारी जिम्मेदारी उठाएं, दूसरो की कोई जिम्मेदारी नहीं है। ऐसे ही पीड़ा को जीती एक पत्नी की व्यथा कथा।

बड़ा बेटा



कोमल सुबह से सजने-संवरने में लगी हुई थी। आज एक लड़का उसे देखने आने वाला है। मां सुबह से ही नाश्ते-खाने के प्रबंध में और पिता अन्य व्यवस्थाओं में जुटे थे। दादी ने कोमल को बताया, 'राघव घर का बड़ा बेटा है। उससे छोटी दो बहनें और एक भाई है। हालांकि वह सरकारी नौकरी में है, लेकिन उस पर जिम्मेदारी ज्यादा रहेगी। जिम्मेदार लोग अपने परिवार को खुश रखते हैं। तुम अपने ससुराल में बहुत खुश रहोगी।'

मन ही मन इतराती कोमल राघव के सपने देखने लगी। उसने सबसे सुंदर सूट पहना। गले में पतली चेन और हाथ में घड़ी पहन ली। उसकी सादगी उसके सौंदर्य पर चार चांद लगा रही थी।

राघव और कोमल ने एक-दूसरे को पहली नजर में ही पसंद कर लिया। सारी बातें तय होने पर चट मंगनी, पट ब्याह की तैयारी शुरू हो गई। सगाई और शादी के बीच महज दस दिन का फासला था। इस अंतराल में राघव और कोमल दोनों केवल एक दिन मिले। उस दिन राघव ने कोमल से कहा, 'मैं घर का बड़ा बेटा हूं, मुझे कई सारी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना रहेगा। कोमल तुम्हें मेरा साथ देना होगा।'

विवाह के रंगीन सपने सजाती कोमल ने पलकें झपका कर खुशी-खुशी मौन स्वीकृति दे दी। विवाह के बाद विदाई के समय मां ने समझाया, 'घर की बड़ी बहू होने के कारण तुम्हें कई सारी जिम्मेदारियां वहन करनी होंगी। राघव के साथ कदम-दर-कदम साथ देना होगा। उसे कोई शिकायत का मौका नहीं देना।' मां की बात पल्लू में बांधकर कोमल ससुराल आ गई।

गृह प्रवेश के समय उसकी ननद रजनी का कोई प्रेम पत्र बुआ सास के हाथ लग गया। उन्होंने घर में हंगामा खड़ा कर दिया। जैसे-तैसे नई बहू की गृह प्रवेश की रस्म संपन्न हुई। आगे के नेगचार राघव ने बेमन से निभाए।

पहली रात जहां नवयौवना के सपने अंगड़ाई लेते हैं, वहीं पर कोमल के पास पति की जगह घर का बड़ा बेटा बैठा था, जो अपने परिवार की इज्जत बचाने की चिंता में डूबा था। वह कसमसा कर रह गई। कुछ ही महीनों बाद घर खर्च में हाथ बंटाने के लिए कोमल ने एक प्राइवेट स्कूल में नौकरी कर ली। राघव के पिताजी ने एक दिन ऐलान कर दिया, 'मेरी पेंशन से घर खर्च भी पूरा नहीं होता, तुम अपने बहन-भाई की पढ़ाई का जिम्मा उठाओ।'

राघव की तनख्वाह भी कहां ज्यादा थी। सरकारी क्लर्क की पगार होती ही कितनी है। उसकी लगभग तीन चौथाई सैलरी ननद-देवर की पढ़ाई में लग जाती। कोमल छोटी-छोटी इच्छाओं के लिए तरस कर रह जाती।

कोमल की भी तनख्वाह कभी बुआ सास के भात जमाने में लग जाती तो कभी घर में अचानक जरूरी खर्च सामने आकर खड़े होते। परिवार बड़ा था, अतिरिक्त खर्चे, शादी-ब्याह, हारी-बीमारी भी साथ लगी रहती। नाते-रिश्तेदार कहते, 'राघव घर का बड़ा बेटा है, उसे तो ये सब करना ही पड़ेगा। अगर वह नहीं करेगा तो कौन करेगा। अभी तो आकाश छोटा है।'

कोमल सबकी सुनती और मन मसोस कर रह जाती। वह अपनी सहेलियों को देखती, जो आए दिन पिकनिक पर जातीं। किटी पार्टी का लुत्फ उठातीं। नित नए परिधान खरीदतीं। वहीं कोमल साल में एक साड़ी भी खरीद ले तो वही बहुत था। मूवी और पिकनिक के बारे में वह सोच भी नहीं सकती थी। उसका हाथ हमेशा तंग ही रहता।

दस साल के समय चक्र के साथ दोनों ननदों की पढ़ाई पूरी होते ही वे अपने घर की हो गईं। दोनों बहनों की शादी में राघव को लोन लेना पड़ा। वहीं कोमल को भी परिवार की इज्जत की खातिर अपने गले की चेन और एक अंगूठी बेचनी पड़ी।

अब उसे अपनी बेटी आन्या की फिक्र होने लगी थी। उसकी बेटी के एक अच्छे स्कूल में एडमिशन की ख्वाहिश पूरी न हो सकी। राघव की काफी सैलरी लोन की किश्त में चली जाती। थोड़ी बहुत बचती, वह घर खर्च में पूरी हो जाती। अब तो ननदों के भात-जमाने का भी सिलसिला शुरू हो गया था।

कोमल ने कभी अपने लिए कुछ नहीं कहा, लेकिन आन्या के लिए उसने राघव से बात की। राघव ने कोमल को समझाया, 'थोड़े दिन की बात है। कुछ दिन बाद छोटे भाई आकाश की पढ़ाई पूरी हो जाएगी। नौकरी लगते ही वह घर संभाल लेगा फिर हम दोनों फ्री...।'

लेकिन ऐसा हुआ कहां...। आकाश की नौकरी सरकारी महकमे में ऊंचे पद पर लग गई। उसने अपनी पसंद की शादी भी कर ली। शादी के तुरंत बाद वह दूसरे शहर में पत्नी को लेकर शिफ्ट हो गया।

इधर सासू मां ने बिस्तर पकड़ लिया और ससुर जी को हार्ट अटैक आ गया। घर और बाहर की भागदौड़ में कोमल और राघव अपनी सुध-बुध खो बैठे। आकाश को घर के हालात से जब अवगत करवाया और मां-बाप की देखभाल करने को कहा तो उसने दो टूक जवाब दे दिया, 'मैं इतनी दूर से क्या कर सकता हूं? आप घर के बड़े हैं, माता-पिता आपकी जिम्मेदारी हैं। आप ही उन्हें बेहतर संभाल सकते हैं। वैसे भी मेरी नई नौकरी है, अभी मेरे लिए कुछ भी संभव नहीं।' राघव घर का बड़ा बेटा था, उसने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। वह एक अच्छा बेटा साबित हुआ, खुद राघव भी बड़े बेटे की छवि से कभी बाहर नहीं निकला, उसने बिना उफ किए अपनी सारी जिम्मेदारी निभाई। लेकिन कोमल अकसर सोचती, उसे इस शादी से मिला क्या? पति के रूप में घर का बड़ा बेटा... मेरे अरमानों का क्या... सगाई से लेकर आज तक वह एक ही बात सुनती आई है, 'राघव घर का बड़ा बेटा है।' कोमल घर के बड़े बेटे में अपने पति को तलाशती रही कि वह कभी तो दो पल उसके पास बैठे, उससे अपनी कुछ कहे, एक पति की जिम्मेदारी निभाए। घर के बड़े बेटे के पास इन सबके लिए वक्त ही नहीं...। कोमल के पास खुद का कहने को एक कंधा भी नहीं...।

कोमल समझ चुकी थी कि एक के बाद एक नई जिम्मेदारी निभाने के चक्कर में राघव कभी उसका पति नहीं बन पाएगा, लेकिन वह इस बड़े बेटे की शिकायत करे तो कहां करे? *